वर्ष 23, अंक 245, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 29 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### आतंक के आकाओं को पाताल में भी खोज निकालेगा मोदी

## ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है,

**जम्मू-कश्मीर**

**नरेंद्र** मोदी ने कहा कि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, ठउ और PDP के नेता और उनके परिवार ही फले-फुले। आपके हिस्से तो सिर्फ और सिर्फ तबाही आई। उन्होंने कहा कि ये जो हमारी पीढियां बर्बाद हुई हैं, इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में एक बड़ी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के शुरूआत में जम्मू की ये सभा इस विधानसभा चुनाव की मेरी आखिरी सभा है। मुझे बीते हफ्तों में जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का अवसर मिला है। मैं जहां भी गया, वहां भाजपा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह दिख रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, ठउ और ढउ्र के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो, नौकरियों में भेदभाव हो। जम्मू-कश्मीर के लोग आतंक, अलगाव और खून-खराबा अब नहीं चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पिछले 2 चरणों में हुए भारी मतदान ने जम्मू-कश्मीर की जनता का मूड बता दिया है। दोनों चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हुई है। अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र के लोगों के लिए इतिहास में पहले कभी ऐसा मौका नहीं आया है, जो इस चुनाव में आया है। अब पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। आपको इस मौके को छोड़ना नहीं है।



### कांग्रेस पूरी तरह अर्बन नक्सलियों के कब्जे में है - मोदी

**मोदी** ने कहा कि आज की कांग्रेस पूरी तरह अर्बन नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं... तो कांग्रेस को अच्छा लगता है। उनमें इनको अपना वोटबैंक दिखता है लेकिन अपने ही लोगों की पीड़ा पर ये उनका भद्दे तरीके से मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, ये संविधान के दुश्मन हैं। इन्होंने संविधान की स्पिरिट का गला घोंटा है।



यहीं जम्मू में कई-कई पीढ़ियों से यहां रह रहे अनेक परिवारों को वोट देने तक का हक नहीं था। उन्हें कांग्रेस, ठउ और PDP ने इस हक से वंचित किया था।

क्योंकि भाजपा की जो सरकार यहां बनेगी, वो आपकी पीड़ा को दूर करेगी।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, NC और PDP के नेता और उनके परिवार ही फले-फुले। आपके हिस्से तो सिर्फ और सिर्फ तबाही आई। उन्होंने कहा कि ये जो हमारी पीढियां बर्बाद हुई हैं, इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है।

आजादी के बाद से ही कांग्रेस की गलत नीतियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ तबाही दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू का बहुत बड़ा हिस्सा बॉर्डर से सटा है। आप वो दौर याद कीजिये, जब सीमापार से आए दिन गोले बरसते थे, आए दिन मीडिया में ब्रेकिंग न्यूज चलती थी कि 'एक बार फिर सीजफायर का उल्लंघन'। उधर से गोलियां चलती थी और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। लेकिन जब भाजपा की सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया, तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 28 सितंबर है, साल 2016 में आज की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी... भारत ने दुनिया को बता दिया था कि ये नया भारत है... ये घर में घुस कर मारता है।

उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की... तो मोदी पाताल में भी उन्हें खोज निकालेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने हमारी फौज से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस वो पार्टी है, जो आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है। क्या आप ऐसी कांग्रेस कपो माफ कर सकते हैं? देश के लिए मर-मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती।

## अब दुनिया को नहीं डरा पाएगा हसन नसरल्लाह

**ईरान**

**नसरल्लाह 32 वर्षों से ईरान समर्थित** समूह का नेतृत्व कर रहा था। यह जानकारी सेना के अरबी भाषी प्रवक्ता अवीचाय अद्रेई ने दी। यह जानकारी एक दिन पहले बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हिजबुल्लाह के मुख्यालय को निशाना बनाकर इजरायली हमले के बाद दी गई। इजरायल की तरफ से हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह को लेकर सबसे बड़ा दावा किया गया है। इजरायल डिफेंस फोर्स ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि हसन नसरल्ला अब दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा। इजरायली सेना के अरबी भाषी प्रवक्ता अवीचाय अद्रेई



ने कहा कि इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत की पुष्टि की गई है।

नसरल्लाह 32 वर्षों से ईरान समर्थित समूह का नेतृत्व कर रहा था। यह जानकारी सेना के अरबी भाषी प्रवक्ता अवीचाय अद्रेई ने दी। यह जानकारी एक दिन पहले बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हिजबुल्लाह के मुख्यालय को निशाना बनाकर इजरायली हमले के बाद दी गई।

### भाजपा ने ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर 10 निर्वाचित राज्य सरकारों को चुराया: केजरीवाल

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके 10 निर्वाचित राज्य सरकारों को ह्यह्यचुरायाह्नह्न है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अजित पवार, प्रताप सरनाईक और हसन मुश्रिफ जैसे महाराष्ट्र के नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं।

## MCD स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी AAP




**नई दिल्ली**

भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की आखिरी खाली सीट निर्विरोध जीत ली। सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को शुक्रवार को हुए एमसीडी स्थायी समिति के चुनावों को असंवैधानिक बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी। भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की आखिरी खाली सीट शुक्रवार को निर्विरोध जीत ली। सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

आतिशी ने आज कहा कि हम निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और आज सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी क्योंकि बीजेपी ने कल सदन में जो चुनाव कराया वह पूरी तरह से अवैध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम बिल्कुल स्पष्ट है कि बैठक बुलाने का अधिकार केवल महापौर को है, बैठक की अध्यक्षता करने का अधिकार केवल महापौर और उनकी अनुपस्थिति में उपमहापौर को है। इसलिए हम इस अलोकतांत्रिक चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और आज ही हम इस अवैध, असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा कल कराया गया चुनाव अवैध, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है।

### गुजरात सरकार पर कमेंट हटाने से SC का इनकार, घरेलू हिंसा एक्ट पर ऐतिहासिक फैसला

**नई दिल्ली**

**23 सितंबर से** 28 सितंबर 2024 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को कोई भी पाकिस्तान की तरह नहीं बता सकता। जजों को ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी से परहेज करना होगा।



इसके साथ ही कर्नाटक हाई कोर्ट के जज वी श्रीशानंद की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कार्रवाई को बंद कर दिया गया। पांच जजों की बेंच ने कहा कि जस्टिस वी. श्रीशेषानंद ने ओपन कोर्ट में 21 सितंबर को माफी मांग ली थी। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा, 'जज सुनवाई के दौरान किसी भी अवांछित टिप्पणी से बचें।

### OPS बहाली, MSP की गारंटी... हरियाणा चुनाव के लिए का घोषणा पत्र जारी

## महिलाओं को दो हजार, 25 लाख तक का फ्री इलाज

**हरियाणा**

**हरियाणा** में कांग्रेस के घोषणापत्र की मुख्य विशेषताओं में हरियाणा में प्रत्येक परिवार के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 25 लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा उपचार का वादा शामिल है।

कांग्रेस ने शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा की मौजूदगी में आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र में मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा उपचार, महिलाओं को वित्तीय सहायता, किसानों को एमएसपी की




गारंटी और राज्य में जाति जनगणना कराने तक के वादे शामिल हैं। इस दौरान राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

हरियाणा में कांग्रेस के घोषणापत्र की मुख्य विशेषताओं में हरियाणा में प्रत्येक परिवार के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 25 लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा उपचार का वादा शामिल है।

पार्टी की योजना मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 'लाडली बहन योजना' और 'लड़की बहन योजना' की पहल के समान, 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह प्रदान करने की भी है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में गैस सिलेंडर के लिए 500 रुपये का वादा भी किया गया है।

### विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बड़ा दावा

## 36 बिरादरी फैसला कर चुकी हैं...

**हरियाणाः हरियाणा** में जैसे-जैसे वोटिंग की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे चुनाव प्रचार तेज होता जा रहा है. बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आने के लिए पूरा जोर लगा रही है. इसी बीच हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने कहा कि मैंने लगभग पूरे हरियाणा का दौरा किया है और पाया कि कांग्रेस पार्टी को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और 36 समुदायों ने फैसला किया है कि इस बार वे हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे.



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, "मैंने लगभग पूरे हरियाणा का दौरा किया है और पाया कि कांग्रेस पार्टी को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और 36 समुदायों ने फैसला किया है कि इस बार वे हरियाणा में कांग्रेस की सरकार वहीं कुरुक्षेत्र के थानेसर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम हुड्डा ने उन्हें भारी मतों के अंतर से विजयी बनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि बीजेपी जानबूझकर किसानों को टरढ से वंचित रखना चाहती है. कई दिनों से किसान की धान मंडियों में पहुंच रही है.

ऊपर से बारिश का खतरा लगातार मंडरा रहा है, लेकिन सरकार धान की खरीद शुरू करने को तैयार नहीं है।

## पीएम का कमाल है कि खेल को इतनी तवज्जो मिली - जेपी नड्डा

**पटनाः भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कार्यक्रम आज शनिवार (28 सितंबर) को बीजेपी कार्यालय में खत्म हो गया है. जेपी नड्डा पटना में बीजेपी की एक अहम बैठक में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की. कार्यक्रम में पैरालंपिक विजेताओं को सम्मानित भी किया गया. इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे इन खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिला.



'प्रधानमंत्री मोदी ने खेल को कितना तवज्जो दिया है'

उन्होंने कहा कि मैं सभी को धन्यवाद देता हूं और बधाई देता हूं. प्रधानमंत्री मोदी ने खेल को कितना तवज्जो दिया है. खेल को कोई प्राथमिकता नहीं देता था. पहले यह रूटीन कार्यक्रम था।

### उत्तर प्रदेश में कब्जा मुक्त हुई 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश में गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने हजारों हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करा लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों से कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में 100 फीसदी गोचर भूमि अब कब्जा मुक्त हो चुकी।

## बरेलीः अवैध मस्जिद की दीवार तोड़ने पर जमकर बवाल, दो गुटों में चले ईंट पत्थर

**बरेलीः यूपी** के बरेली में विवादित धार्मिक स्थल को तोड़े जाने के बवाल मच गया, दिसके बाद दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए. इस दौरान दोनों तरफ से ईट-पत्थर चले और जमकर नारेबाजी हुई. घटना की खबर मिलते हैं बीजेपी विधायक भी मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए. बीजेपी विधायक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की सरपरस्ती में अवैध मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है.

बरेली के क्योलडिया थाना क्षेत्र के ग्राम केलाडांडी में विवादित स्थल पर नमाज पढ़े जाने के बाद हिंदू



समुदाय के लोगों ने उसकी दीवार को तोड़ दिया. जिसके बाद दोनों पक्षों के लोगों में विवाद हो गया. बताया जा रहा है कि यहां एक कमरा बनाकर उसे मस्जिद का रूप दे दिया गया था, जिसमें लोग नमाज पढ़ने लगे. इस बात का हिंदू समुदाय ने विरोध किया और पुलिस प्रशासन से इसकी शिकायत की।

## वसुंधरा राजे बनेंगी बीजेपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष?

### मोदी-शाह चलेंगे 'मामा' वाला दांव! || वसुंधरा आरएसएस की कीरीबी

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (BJP) अक्सर चौंकाने वाले फैसले लेने के लिए जानी जाती है. चाहे किसी राज्य में सीएम का चयन हो या फिर पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेदारी हो, इन सबमें पार्टी आलाकमान ने कई बार मास्टरस्ट्रोक खेलकर विपक्ष को पटखनी दी है. एक बार फिर बीजेपी बड़ा मास्टरस्ट्रोक खेलने की तैयारी में है. सूत्रों की मानें तो पार्टी आलाकमान इस बार राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है. चर्चा है कि जल्द ही इसकी घोषणा हो सकती है.

कुछ सूत्रों का ये भी कहना है कि वसुंधरा राजे के अलावा संघ की तरफ से संजय जोशी का नाम भी अध्यक्ष पद के लिए रखा गया था. इन



सबके अलावा ये भी चर्चा है कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने शिवराज सिंह चौहान का नाम आगे करके मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है. हालांकि, संघ भी वसुंधरा राजे के नाम को सबसे बेहतर मान रहा है. अभी अंतिम फैसला लेना बाकी है, लेकिन वसुंधरा राजे को सोशल मीडिया पर अभी से ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की अग्रिम बधाइयां मिलने लगी हैं.

वसुंधरा राजे क्यों हैं रेस में सबसे आगे

बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए वसुंधरा राजे का नाम यूं ही सबसे आगे नहीं है. दरअसल, वसुंधरा आरएसएस की कीरीबी बताई जाती हैं. सूत्रों के अनुसार, वसुंधरा राजे का नाम RSS ने ही आगे किया है. इसके अलावा फरर ने जो दूसरा नाम आगे किया है, वो संजय जोशी का है, लेकिन इस नाम पर पीएम मोदी, अमित शाह और पार्टी के कुछ दूसरे सीनियर नेता सहमत नहीं दिख रहे हैं. बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और संजय जोशी के बीच 36 का आंकड़ा रहा है. इनके बीच रिश्तों में खटास कितनी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि वर्ष 2012 में यूपी के विधानसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी सिर्फ इसलिए प्रचार करने नहीं गए थे, क्योंकि वहां के संयोजक संजय जोशी थे।

# क्विज प्रतियोगिता से हमें सोचने और मिलकर काम करने की मिलती है प्रेरणा : कैलाश सिंह

## बीआरसी मेजा में उच्च प्रा विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता हुई आयोजित

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्त का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान गणित एवं प्रोद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक संसाधन केन्द्र मेजा में विज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खंड मेजा के सभी एनपीआरसी के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया । उल्लेखनीय है कि शनिवार को बीआरसी मेजा में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने कहा कि यह क्विज प्रतियोगिता हमारी याददाश्त को परखने से कहीं ज्यादा काम करती है। ये हमें नए विचारों को तलाशने, गंभीरता से सोचने और मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने आगे कहा जब आप प्रतिस्पर्धा करते हैं, तो याद रखें कि हर सवाल में कुछ नया खोजने का अवसर है। श्री सिंह ने कहा कि इस आयोजन की तैयारी में आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। आपका उत्साह और सीखने की उत्सुकता ही सबसे ज्यादा मायने रखती है। चाहे आप यहाँ विजेता हो या नहीं, किंतु आप सभी अपने आप में विजेता हैं। इसी क्रम में शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सम्मिलित सभी बच्चो को बधाई देते हुए अगली बार और अधिक मेहनत करने की अपील किया। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता को राम निरंजन, गिरीश तिवारी , कमलाकांत पांडे, गोपाल कृष्ण यादव, रोहित तिवारी, विवेकानंद पांडे, यमवंत सिंह, कमला शंकर यादव, बैकुंठ गिरी तथा सुनील मौर्य आदि के अलावा कई अन्य शिक्षकों ने प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया।



### छात्रों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया, जनपदीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**मांडा।** शनिवार को बीआरसी परिसर मांडा में ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता 2024 का आयोजन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 54 उच्च प्राथमिक स्कूल और कस्तूरबा गांधी विद्यालय के 162 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 8 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया और जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इनमें ऋषि कुमार पांडेय, आर्यन साहू, ओम मिश्रा, शौर्य सिंह, साहिल यादव, अंकिता यादव, ईशा सिंह और आयुष कुमार शामिल हैं। बीईओ राजीव प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों को विज्ञान किट, पुस्तकें और प्रमाण पत्र प्रदान कर उनकी प्रतिभा को सम्मानित किया। उनकी इस पहल से छात्रों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर विनोद मिश्र, एआरपी राजकुमार सिंह, अमरेश प्रताप सिंह, अरुण तिवारी, केशव प्रसाद तिवारी और जितेंद्र दुबे सहित विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहे। बीईओ राजीव प्रताप सिंह की पहल से शिक्षा क्षेत्र में सुधार की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# कांग्रेस पार्टी का संविधान सम्मान सम्मेलन सहसों में आज

**सहसों।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में 29 सितंबर रविवार को यानी कि आज सहसों के लाला बाजार समय 12 बजे होने वाली कांग्रेस पार्टी की जनसभा को सफल बनाने की अपील की गई और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य अशफाक अहमद, जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, सचिव रामकिशन पटेल, इमरान खान, गुलाब यादव, सलीम टाइगर भोला तिवारी, इश्तियाक अहमद, रमेश यादव सहित कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने बताया कि संविधान सम्मान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी अविनाश पांडे , राष्ट्रीय सचिव प्रभारी राजेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद किशोरी लाल शर्मा, सांसद उज्जवल रमण सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को संबोधित करेंगे। लोगों से भारी संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की गई है।

# गैर इरादतन हत्या मामले में न्यायालय ने सात साल की सुनाई सजा

**मऊआइमा।** छह वर्ष पूर्व मऊआइमा के ग्राम जाम्हा निवासी एक युवक को मारा पीटा गया था। उपचार के दौरान मौत हो जाने पर नामजद आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ पृथ्वी पाल पुत्र वैधनाथ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शुक्रवार को कक्ष संख्या 21 एडीजीसी त्रियुगी नारायण दीक्षित,एडीडीसी मारूत्या नन्द मिश्रा ने आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ पृथ्वी पाल को सात साल की कठोर सजा और पांच हजार दंड सुनाया। मुकदमा के पैरोकार इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्रा,हेड कांस्टेबल हरि ओम सिंह कोर्ट मोहर्रिर,हेड कांस्टेबल यशवन्त यादव आदि ने की। उक्त जानकारी मऊआइमा पुलिस ने दी।

### इलाहाबाद डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक शाखा जसरा में पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**जसरा।** इलाहाबाद डिस्ट्रिक को ऑपरेटिव बैंक शाखा जसरा में एक बैठक करके मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नीलम करवरिया को याद करते हुए कहा गया कि इनका परिवार हमेशा जिला सहकारी बैंक से जुड़ा परिवार था।बारा के पूर्व विधायक उदय भान करवरिया भी इसके चेयरमैन रह चुके हैं। उक्त बातें जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल मिश्रा ने कही। पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया एक जीवट और संघर्षशील महिला के रूप में हमेशा याद की जाएंगी । उनकी लोगों के बीच में घुल मिल जाने की आदत ने उनको एक शोहरत की बुलंदी दी । अल्प समय में उनका निधन समाज की एक अपूर्णीय क्षति है । बैठक में मुख्य रूप से राजा बाबू पाठक , जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी , मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, ज्ञानेन्द्र पाठक, निधीष पाठक ,नीरज केसरवानी, आशीष सोनकर , दीपचंद मोदनवाल, आकाश केसरी , ब्रह्म दत्त पाठक, बीरेंद्र पाठक,प्रीतम केसरवानी, आलोक पाठक,सहित दर्जनों लोग शोक सभा में उपस्थित रहे।

# कोई ब्लैकमेल करे तो पुलिस से लें मदद : अभिजीत कुमार

## ज्योति हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज चाका में बोले एडीसीपी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के ज्योति हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज चाका में शनिवार को मिशन शक्ति के तहत एडीसीपी यमुनानगर अभिजीत कुमार ने छात्राओं को जागरूक किया। कहा कि यदि कोई आपको ब्लैकमेल करे तो पुलिस से मदद लें। साइबर अपराध से बचने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारियां शेयर न करें। एडीसीपी यमुनानगर अभिजीत कुमार ने छात्राओं और शिक्षकों के साथ सीधा संवाद किया। कहा कि शासन की मंशा है कि महिला अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाए। हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 आदि के उपयोग के तरीके बताए।

कहा कि मुश्किल में छात्राएं हेल्पलाइन नंबर डायल करें, मदद जरूर मिलेगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112 , 1076 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दें। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्प डेस्क है, जिस पर महिला पुलिस



अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। इस मौके पर थाना प्रभारी वैभव सिंह, कुसुम पांडेय, प्रिंसिपल विनीता दास, केके शुक्ला, संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर चार प्रार्थना आए, निस्तारण शून्य , छाया रहा जमीनी मुद्दा

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अंतर्गत मांडा थाने का समाधान दिवस तहसील के राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही और उपेक्षा ले डूबी। हर बार लेखपालों और राजस्व कर्मचारियों की कमी तो कहीं सरकारी जमीन को कब्जा कराने में हल्का लेखपालो की मिली भगत के चलते मामलों का समाधान होने के बजाय टीम गठित कर रजिस्टर के हवाले कर दिया जाता है। आए राजस्व संबंधित चार प्रार्थना पत्रों में निस्तारण शून्य रहा है। शनिवार को मांडा थाने पर आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार मांडा अनुग्रह सिंह ने किया और फरियादियों के शिकायत पत्रों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर पहुंच कर निस्तारण करने का निर्देश दिया ' लेकिन ज्यादातर अधिकारी मांडा थाना समाधान दिवस की खानापूर्ति कर औपचारिकता पूरी कर घर व प्रयागराज को लौट जाते हैं । जहां कि एक ही फरियादी कई बार प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण के लिए समाधान दिवसो का चक्कर लगाते लगाते मायूस होकर घर लौट जाते हैं। हल्का लेखपाल फरियादी के शिकायत पत्रों पर गोल मटोल आख्या रिपोर्ट लगाकर पल्ला झाड़ लेते हैं वही मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल जाता हैं ' राजस्व मामले में यदि किसी फरियादी के पक्ष विपक्ष के बीच खूनी संघर्ष होने पर सबसे पहले हल्का लेखपालो पर कार्यवाही करने के लिए शीर्ष अधिकारियो से फरियादियों ने मांग की हैं ' समाधान दिवस पर कुल चार शिकायती पत्र आए जिसमे निस्तारण शून्य रहा है ' मौके पर मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह, माता प्रसाद त्रिपाठी ,विनय कुमार सिंह,एसएसआई चन्द्र पाल सिंह, एस आई अमित नागर, रवि कुमार, रितेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## थाना संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**कोरांव।** सम्पूर्ण समाधान दिवस थाना कोरांव में उप जिलाधिकारी कोरांव तथा नायब तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। और कार्यवाही के निर्देश दिए। उक्त अवसर पर एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह ने ग्राम सभा अल्हवा कोटेदार लाल बहादुर पाल द्वारा चकमार्ग संख्या 1035 पर अवैध ढंग से निर्माण कर लिए जाने चेतावनी के बावजूद और कई बार राजस्व कर्मियों द्वारा चेतावनी दिए जाने पर भी चकामार्ग न खाली होने पर नायब तहसीलदार कोरांव को राजस्व टीम पुलिस बल के साथ खाली कराए जाने का आदेश दिया। ग्राम प्रधान ने पत्र लिख कर शिकायत किया कि राजस्व टीम द्वारा सीमांकन किए जाने के बावजूद अतिक्रमण न हटाए जाने से मनरेगा की सड़क नहीं बन पा रही है। मौजूद कानूनगो ने तो नायब तहसीलदार से कहा मैं बहुत प्रयास किया किंतु कोटेदार कब्जा नहीं खाली कर रहा तो मैं क्या करूं। इसी तरह राकेश कुमार विश्वकर्मा ग्राम अल्हवा ने शिकायत किया कि डाकघर महुली अल्हवा में खुले मेरे बचत खाते से 14 जून 2024 से किसी ने खाते से मेरे 5700 रूपए विड्रोल कर लिया। शिकायत के बावजूद डाक खाने से उक्त राशि वापस नहीं की गई। एसडीएम ने उप निरीक्षक कोरांव हल्का को शिकायत के सापेक्ष तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया। इसी तरह जैसी महिला पुरुषों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। और समबंधित को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। उक्त आयोजन में एसडीएम कोरांव व नायब तहसीलदार इंस्पेक्टर नितिन कुमार शुक्ला,अतिरिक्त इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिंह,एसएसआई रामसजीवन मौर्य,राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। कई लेखपाल तो खोजे भी नहीं मिल रहे थे। फरियादी परेशान दिखे।

# अस्पताल में कार के अंदर डॉक्टर ने की आत्महत्या



**प्रयागराज।** SRN अस्पताल के डॉक्टर कार्तिकेय श्रीवस्तव अपनी कार के अंदर आत्महत्या कर ली,अस्पताल के अन्य डॉक्टरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी ,मौके पर डीसीपी सिटी अभिषेक भारती एसीपी मनोज सिंह और एसपी श्वेताभ पाण्डेय मौके पर पहुँचे ,जांच में ये बात सामने आई की मृतक डॉक्टर ने अपने हाथ पर नियुवेक इंजेक्शन लगाया था जिससे उनकी मौत हुई पुलिस ने बॉडी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद साफ होगा की डॉक्टर की मौत इंजेक्शन लगाने की वजह से हुई या फिर किसी और चीज से ,पुलिस जांच में प्रथम दृष्ट्या केस सुसाइड का ही है। पुलिस मृतक डॉक्टर के परिचितों से जानकारी ले रही है की आखिर क्या वजह रही जिससे डॉक्टर ने आत्महत्या की।

# विवाहिता ने शादी का झांसा देकर दुराचार करने का लगाया आरोप

**मऊआइमा।** शादी का झांसा देकर एक युवक पर विवाहिता ने तीन महीनों तक अवैध सम्बन्ध बनाने का आरोप लगाया है। युवक के शादीशुदा होने पर विवाहिता ने युवक पर दुराचार का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासनीय एक तीन बच्चों की मां परचून की दुकान चलाती है पति मुंबई में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है। विवाहिता का आरोप है कि पडोस के नीलेश पांडेय पुत्र राम अधार के भाडे के मकान में रहने वाले एक युवक उसकी दुकान पर सामान खरीदने आता था।आते जाते उससे शादी का झांसा देकर तीन महीनों तक अवैध सम्बन्ध बनाया। विवाहिता का आरोप है कि वह प्रतापगढ़ अपने अपने मयके 11 सितम्बर को गयी तो जहां युवक ने फोन करके बुलाया कि चली आओ अन्यथा तुझे बदनाम कर दूंगा। विवाहिता का आरोप है कि युवक रात में जबरियन उसके साथ दुराचार किया।और उसे मुंबई लेकर चला गया। बाद में पता चला कि युवक शादीशुदा है। मुंबई से आयी विवाहिता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी। जिसपर मऊआइमा पुलिस ने मुमताज अली पुत्र निसार अहमद करारी जिला कौशांबी के खिलाफ दुराचार ,जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि युवक फरार हो गया है। हालांकि इस के पूर्व विवाहिता के पति ने युवक पर पत्नी का धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया था। बाद मामला झूठा पाया गया।

## मार्ग दुर्घटना में ट्रक चालक की इलाज के दौरान मौत

**सहसों।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत मनिकापुर गांव निवासी धीरेंद्र पाल (28) पुत्र अमरजीत पाल ट्रक चालक था। ट्रक चालक अमरजीत पाल चार दिन पहले गाड़ी लेकर जा रहा था। वह रास्ते के फतेहपुर में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पारकर परिजन मौके पर पहुंचकर इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज लाए परंतु यहां पर चिकित्सकों ने अन्यत्र के लिए रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए बीएचयू वाराणसी ले जाया गया था। जहां पर शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में रोना पीटना मचा हुआ है। मृतक के पिता धीरेंद्र पाल की सहसों के महड़ौरा रोड पर चाय पान की दुकान है। मृतक को एक बेटी है। शनिवार को शव घर आने पर कोहराम मच गया। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# महिलाओं के साथ असमान व्यवहार करना लैंगिक असमानता है : चंदन देव

**करछना।** निर्वाचित महिला प्रधानों को सशक्त नेतृत्व का कार्यभार निभाने की ज़िम्मेदारी सरकार ने दी है उसका सही तरीके से पालन करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी तय है प्रशिक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडे ने लैंगिक असमानता को विस्तृत टॉप बताते हुए कहा कि लैंगिक आधार पर व्यक्तियों के साथ असमान व्यवहार करना लैंगिक असमानता है लड़कियों को समान शिक्षा के अवसर न मिलाना रोजगार के अवसर में समान भागीदारी न मिलाना निर्वाचित महिलाओं का प्रतिशत कम होना यह दशार्ता है कि उनके साथ भेदभाव रूढ़िवादी सोच है लैंगिक असमानता के कारण कानून प्रदत्त अधिकारों की जानकारी ना होना बलात्कार एवं हमला शोषण दुर्व्यवहार छेड़खानी घूरना पीछा करना घरेलू हिंसा एवं दहेज संबंधी उत्पीड़न साइबर क्राइम उत्पीड़न व शोषण कार्य स्थल व अन्य स्थानों पर महिलाओं के प्रति हिंसा यह रूढ़िवादी सोच है महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली सभी



प्रकार के भेदभाव समाप्त करके इस असमानता को खत्म करना सब की जिम्मेदारी है। एडीओ पंचायत राम शिरोमणि त्रिपाठी, डॉक्टर गिरधारी लाल तिवारी, मुख्य प्रशिक्षक डॉक्टर रिचा शेखर ,गौरी शंकर भारती वरिष्ठ प्रशिक्षक, अजीत सिंह तथा महिला प्रधानों का नेतृत्व कर रही ग्राम विकास अधिकारी करछना विकास खंड दीप्ति मिश्रा, ममता पांडे सचिव विकास खंड करछना इस मौके पर महिला प्रधानों में प्रियंका सोनकर नीलम पथिक अध्यक्ष प्रधान संघ विकास खंड चाका, अनीता देवी,अंशू देवी,चाका विकास खंड पिपराव से पार्वती सिंह, कृष्णा वती, संगीता पटेल, तिलोत्तमा देवी, अनीता देवी,नूरशबा, गुड़िया देवी वंदना देवी स राजवंता देवी, मंजूलता श्रीवास्तव, अनिता देवी ,कुसुम देवी ,नीलम पथिक ,मिथिलेश जायसवाल ,सहित बड़ी संख्या में महिला प्रधानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तृत जानकारी दी गई।

# न्यूज झरोखा

## स्वास्थ्य शिविर एवं स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम सम्पन्न

**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक कॉलेज मांडा में स्वास्थ्य शिविर तथा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' जिसमें सीएचसी मांडा से चीफ फार्मासिस्ट मोहनलाल और उनके सहयोगी शुभम




उपस्थित रहे। चीफ फार्मासिस्ट और उनके सहयोगी ने छात्रों एवं लाल बहादुर शास्त्री के स्टाफ का ब्लड शुगर जांच की तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार लाल तकनीकी सलाहकार लाल बहादुर शास्त्री ने छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा उन्हें स्वच्छता की परिभाषा बताए सभी छात्रों ने शिक्षकों के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया ' कार्यक्रम आए हुए अतिथियों का प्रधानाचार्य ईजी. रजनीश उपाध्याय ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया ' इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के भार्गव प्रकाश मौर्य, अमरेंद्र प्रताप सिंह, पवन केसर्व केसरी, प्रशांत कुमार,रवि शंकर केसरवानी,दिनेश कुमार आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

## मांडा ब्लॉक सभागार में शिक्षकों के साथ बैठक सम्पन्न

**मांडा।** ब्लॉक परिसर के सभागार में परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बीईओ राजीव प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य और वित्तीय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया।



शनिवार मांडा सीएचसी अधीक्षक डॉ.अजीत सिंह ने संचारी रोगों से बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला, जबकि बैंक मैनेजर ने वित्तीय संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में शिक्षा सुधार के लिए यू-डायस पोर्टल, स्मार्ट क्लास, प्रेरणा पोर्टल और डिजिटल रजिस्टर जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बीईओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य शिक्षकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना और विद्यालयों में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाना था। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष मुचकुंद मिश्रा, राजेश यादव, संतोष शुक्ला, अभिनव प्रताप सिंह, स्पेशल एजुकेटर विनोद मिश्रा, गणेश पांडेय, सहित प्रधानाध्यापक और शिक्षक उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय शिक्षक संकुल कार्यशाला का हुआ आयोजन

**करछना।** जनपद स्तरीय शिक्षक संकुल की त्रैमासिक बैठक का आयोजन गुरुवार 26 सितंबर से शनिवार 28 सितंबर तक दो पालियों में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में सकुशल संपन्न हुआ। उक्त



बैठक का संचालन एसआरजी सुनील तिवारी, प्रशांत ओझा और वंदना श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में हुआ। बताते चलें कि निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु विकास खण्ड स्तर पर संकुल स्तर पर प्रत्येक माह शिक्षक संकुलों की मासिक बैठक करायी जाती है।

## सहसों में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सहसों।** पूर्व विधायक नीलम करवरिया के असामयिक निधन पर सहसों में मंडल कार्यालय पर एक शोक बैठक आयोजित कर पार्टी कार्यकताओं ने मेजा के पूर्व विधायक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि



दिया। इस मौके पर भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने पूर्व विधायक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने परिवार के संकट की घड़ी में ढाल बनकर साहस एवं निर्भीकता के साथ राजनीति में कदम रखा और 2017 के विधानसभा चुनाव में मेजा विधानसभा से विधायक चुनी गईं। नीलम करवरिया के असामयिक निधन से प्रयागराज में भाजपा संगठन को अपूर्णीय छति हुई है। उनकी कमी पार्टी के लिए हमेशा खलती रहेगी। उन्होंने पूर्व विधायक के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए गहरा दुःख प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश द्विवेदी, जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, मंडल महामंत्री संजय सिंह, विमल मिश्रा आदि ने भी शोक व्यक्त किया। उपस्थित कार्यकताओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज ने किया। इस अवसर पर संतोष सिंह, राजेश सरोज, राजमणि शुक्ला, जयेश केसरवानी, राजेंद्र प्रसाद, फूलचंद्र साहू , लवकुश बिंद, मुन्ना दुबे एवं प्रमोद शुक्ला सहित आदि कार्यकताओं ने पूर्व विधायक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते उपस्थित रहे।

## मोबाइल के लेन देन को लेकर मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के रामनगर गंसियारी में मोबाइल के लेन देन को लेकर मार पीट के दौरान एक को चोटें आयी है। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर गंसियारी निवासी नौशाद पुत्र गुलशेर का आरोप है कि गांव के दो युवक उसका मोबाइल ले लिए।मांगने पर मारे पीटे तथा गालियां दी। नौशाद ने मऊआइमा थाने में मनचन,बनटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से ग्रामीणों में दहशत

**मऊआइमा।** शुक्रवार से रूक रूक कर हो रही तेज बारिश से लोग भयभीत हो गए ।मऊआइमा के ग्राम सकरामऊ में बीती रात आकाशीय बिजली गिरने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि बिजली एक महुआ की डाल पर गिरी। जिससे किसी भी प्रकार का जनहानि नहीं हुई।

## एडीसीपी यमुनानगर छात्राओं से सीधा संवाद किया

**नैनी।** नैनी के डभांव चाका स्थित ज्योति हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत एडीसीपी यमुनानगर अभिजीत कुमार ने छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों के साथ सीधा संवाद किया। कहा पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हैल्प डेस्क है जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। इंस्पेक्टर नैनी वैभव सिंह, कुसुम पांडेय, प्रिंसिपल विनीता दास, के के शुक्ला, संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की हुई द्वितीय काउन्सिलिंग

**मऊआइमा।** शासन के मंशा के अनुरूप दिब्यांग बच्चों में नये जोश के साथ शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने एवं उनमें जागरूकता लाने को लेकर चलाई जा रही योजना को मूर्ति रूप देने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र हरिसेनगंज में समेकित शिक्षा योजना के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग संपन्न हुई। काउंसलिंग में अभिभावकों से अपील की गई की सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय भेजा जाए,जिससे दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। काउंसलिंग बैठक में 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया जहां पर उन्हें स्टेशनरी एंव स्वल्पाहार दिया गया। अभिभावक काउंसिलिंग बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा विमलेश कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया ।उनके द्वारा अभिभावकों को पाल्यों की समुचित शिक्षा दीक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र ,छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अभिभावकों को शिक्षा के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है । कार्यक्रम को स्पेशल एजुकेटर आशा मिश्रा, कुसमा द्विवेदी, अजय कुमार द्वारा दिव्यांगता की पहचान ,कारण ,बचाव के साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर राम जी तिवारी, अजीत कुमार, अंकुश कुमार, दिनेश कुमार, उपस्थित रहे।





# पूर्व विधायक नीलम करवरिया पंचतत्व में विलीन पति उदयभान करवरिया ने दी मुखाग्नि

● शव यात्रा के दौरान अंतिम दर्शन व अंत्येष्टि स्थल रसूलाबाद घाट पर भारी संख्या में लोग हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया शनिवार को सायं रसूलाबाद घाट प्रयागराज में पंचतत्व में विलीन हुईं। पति पूर्व विधायक इं. उदयभान करवरिया ने मुखाग्नि दी। जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद कुमार प्रजापति व यमुनापार के बूथ से लेकर ज़िले तक के पदाधिकारियों कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सुबह कल्याणी देवी कोठी पर पहुंच कर अंतिम दर्शन करते हुए अपनें चहेते नेता को श्रष्दासुमनपुष्प अर्पित कर शव यात्रा में शामिल होते हुए अंत्येष्ठि स्थल रसूलाबाद घाट प्रयागराज में पहुंचकर अंतिम विदाई में शामिल यमुनापार सहित सम्पूर्ण प्रयागराज का जनसैलाब विदाई देने में उमड़ पड़ा। शव यात्रा में जेष्ठ कपिल मुनि करवरिया, देवर सूरज भान करवरिया,बेटा सक्षम करवरिया, बेटी समृध्दि -साक्षी भी साथ मौजूद रहे। यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक बारा डाँ वाचस्पति,जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, राजेश्वरी तिवारी, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड, कमलेश त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, मनोज गुप्ता,जगत नारायण शुक्ला, प्रमोद बाबू झा, अनिल चतुवेर्दी, गिरीश कुमार चतुवेर्दी, अशोक मिश्रा,विकास चन्द्र शुक्ला, गिरीश कुमार चतुवेर्दी आदि के साथ भारी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं का हुजूम मौजूद रहा।

## सभी की आंखे रहीं नम, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब...

**प्रयागराज।** पूर्व विधायक नीलम करवरिया की शव यात्रा शाम करीब साढ़े चार बजे कल्याणी देवी स्थित आवास से गंगा घाट के लिए रवाना हुई। इसमें हजारों की संख्या में लोगों का हजूम उमड़ पड़ा। हाईकोर्ट से पेरोल मिलने के बाद जेठ पूर्व सांसद उदयभान करवरिया और देवर पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया करीब चार बजे आवास पर पहुंचे।सुबह दस बजे हाईकोर्ट ने पेरोल का आदेश जारी किया था। कागजी कार्रवाई पूरी होने में काफी समय लग गया और शाम चार बजे के करीब दोनों भाई जेल से बाहर निकलने के बाद कल्याणी देवी आवास पर पहुंचे। इसके बाद शव यात्रा रवाना हुई। शव वाहन को फूलों से सजाया गया था। सांसद प्रवीण पटेल, पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी, विधायक वाचस्पति, हर्षवर्धन बाजपेयी आदि सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के लोगों ने हिस्सा लिया। भाजपा समेत कांग्रेस, बसपा और सपा से जुड़े नेताओं ने आवास और घाट पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। शव यात्रा के चलते सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।





## अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रोजगार सेवक करेंगे अधिकारियों का घेराव

**प्रयागराज।** 18 वर्षो से गांव के विकास में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले मनरेगा में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। न्यायप्रिय सुशासन की बात करने वाली सरकार में रोजगार सेवक धरना प्रदर्शन करने को विवश हैं। हमारी नियमितिकरण की मांग जायज है। सरकार को उसे अतिशीघ्र पूरा करना चाहिए। यह बातें शनिवार को संगठन के पदाधिकारियों के साथ 4 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम की रणनीति बनाते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने कही। उन्होंने बताया की नियमितिकरण व मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सेवकों के हित में की गई घोषणाओं को लागू करवाने के साथ ही अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवक 4 अक्टूबर को जनपद मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदर्शन का कार्यक्रम 30 सितम्बर को ही प्रस्तावित था परन्तु प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार उक्त तिथि को धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब 4 अक्टूबर को पूरे जनपद के ग्राम रोजगार सेवक जिला मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगें।

## वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय द्वारा छात्र छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**नैनी।** नैनी महाविद्यालय में 27 व 28 को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी मे, वाणिज्य व विज्ञान संकाय द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए प्राचार्य महोदय प्रोफेसर सुरेश जैन की अध्यक्षता में एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न संसाधनों, सुविधाओं एवं महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्तर पर संचालित विभिन्न समितियों के प्रभारी यथा परीक्षा समिति, क्रीड़ा समिति, छात्रवृत्ति समिति, रोवर्स रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना समिति, शास्ता मंडल, महिला प्रकोष्ठ, मनोवैज्ञानिक सलाहकार समिति मेंटर मेंटी आदि समितियों के प्रभारी ने महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक और शिक्षणेतर गतिविधियों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान किया एवं महाविद्यालय में प्रवेश एवं अपना भविष्य सफल बनाने हेतु शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## न्यूज झरोखा

### मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया के आकस्मिक निधन पर शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि



**मेजा।** पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया के आकस्मिक निधन की सूचना पर शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उरुवा में बीईओ राजेश यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं एआरपी ने एक शोक सभा आयोजित कर मेजा की प्रथम महिला पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बीईओ उरुवा राजेश यादव ने कहा कि नीलम जी का अचानक जाना समाज,संगठन,शुभचिंतकों तथा उनके समर्थकों के लिए अपूर्णीय क्षति है। प्रभु से प्रार्थना है कि वो दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। श्री यादव ने कहा शुक्रवार की सुबह संपूर्ण जनपद वासियों के लिए मनहूस साबित हुई है। शोक सभा के इस अवसर पर एआरपीगण सुनील शुक्ला, राजेश मिश्रा, प्रीतम दास व विमलेश यादव, मुकेश शुक्ला, बृजेश शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा के मंत्री संदीप पांडेय, कृष्ण कुमार शुक्ला, संतोष दुबे, दिवाकर मिश्रा तथा राघवेंद्र सिंह आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

### अरैल में शाहिद भगत सिंह की 117 जयंती पर नमन किया गया



**नैनी।** नैनी अरैल में शाहिद भगत सिंह की 117 जयंती पर नमन करते हुए शिवनगर पूर्व जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला के निवास स्थान पर शाहिद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर परपुष्प अर्पित कर के श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त करते हुए कहा सरदार भगत सिंह जी के ही प्रयास से जिन्होंने देश के आजादी के लिए अपने सीने पर गोलियां खाई उनके बलिदान से ही भारत आजाद हुआ उनका हम लोग बलिदान कभी भूल नहीं सकते। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला ने कहा कि शाहिद भगत सिंह जी को नमन करके अपने आप को गौरव महसूस कर रहे हैं इन्हीं की वजह से भारत में जो राम राज्य की स्थापना हुई है। शाहिद भगत सिंह की देन है जो हम लोग आजादी के रूप में रहते हैं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप शुक्ला शंकर भारतीय राकेश कुमार यादव नीरज शर्मा सुनील विश्वकर्मा नित्यानंद मिश्रा धर्मराज पटेल रमेश पटेल बाबूजी यादव राणा श्रीवास्तव आदि कार्यकताओं ने सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर उनको पुष्प अर्पित किया।

## नैनी पुलिस व एसओजी टीम ने चोरी के एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार





**नैनी।** नैनी पुलिस व एसओजी यमुनानगर की टीम को एक अच्छी सफलता मिली है। उसने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके निशान देहि पर कूटरचित ई रिक्शा व चोरी किये गये ई रिक्शा के पार्ट बरामद किया है। अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में नैनी प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम एवं एसओजी प्रभारी नवीन सिंह की टीम के साथ अपराधियो की तलाश में लगी हुई थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि अशोक टाकीज तिराहा से चोरी की घटना करने वाले अभियुक्त की होने की खास सूचना मिली। सूचना पर यकीन कर पुलिस टीम व एसओजी टीम मौके स्थान पर पहुची और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जय गौड़ पुत्र स्व संजू गौड़ निवासी चकदोदी जेल रोड थाना नैनी बताया। पुलिस का कहना है कि सघन पूछ तांछ में उसने बताया कि मैं अपने ई रिक्शा में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी करता हूं और चोरी का सामान बेचने का काम करता हूं। आप जो सामान बरामद किए है वह फाफामऊ से चुराई थी आज बेचने जा रहा था कि आप ने पकड़ लिया। गिरफ्तार हुये आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की गई।

## नैनी क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में एफसीआई रोड पर एक हेयर कटिंग सैलून के बगल में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप मच गया। हालांकि आकाशीय बिजली गिरने से जान माल की किसी भी तरह का नुकसान नही हुआ।मिली जानकारी के अनुसार नैनी एफसीआई रोड पर स्तिथ बड़े हेयर कटिंग सैलून के बगल में शनिवार की दोपहर हो रही बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी जो सीधे सीवर की ढक्कन को तोड़ते हुए अंदर चली गई। इस घटना से किसी भी तरह की जान माल की हानि नही हुई। जिस छत के बगल में यह घटना हुई उस छत की रेलिंग में दरार आ गया। बारिश बन्द होने के बाद घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रही।

## अरैल में डाकघर के पोस्टमैन को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अरैल स्थित डाकघर का पोस्टमैन कोर्ट का नोटिस लेकर संबन्धित के घर पहुंचा तो उसकी पिटाई की गई। डाकघर के अन्य पत्र अभिलेख को पफाड़ दिया गया। जब पोस्टमैन चौकी पर शिकायत करने पहुंचा तो उससे घटना का वीडियो और फोटो मांगा गया जिसके बाद उच्चाधिकारियों के आदेश पर शनिवार को आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। अरैल स्थित डाकघर में पोस्टमैन की नौकरी करने वाले धीरज यादव ने नैनी थाना पुलिस को बताया कि वह धर्मराज यादव के घर कोर्ट की नोटिस पहुंचाने गया था। जैसे ही धीरज ने धर्मराज से नाम और पता पूछा उससे नाराज होकर वह अभद्रता करते हुए मारपीट की। डाकघर के अन्य कागजात फाड़ दिया।

## दो घंटे लगातार बारिश, कई इलाकों में जलभराव सुबह से गरज रहे बादल दिन में अंधेरा छाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शनिवार को दो घंटे तक लगातार बारिश हुई। सुबह से बादल छाए हुए थे और बूंदाबांदी हो रही थी। दोपहर में अचानक हवा के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बादलों की गड़गड़ाहट के बीच लगातार तेज बारिश होती रही। बादल छाए रहने की वजह से कई जगह अंधेरा जैसा हो गया। मूसलाधार बारिश से प्रयागराज जंक्शन के आसपास का इलाका जलमग्न हो गया है ।

**पिछले 24 घंटे में 33 मिमी. बारिश हुई दर्ज :** शहर के अलावा गंगापार और यमुनापार में भी तेज बारिश हुई है। तेज बारिश की वजह से कई इलाकों में जलभराव हो गया। पिछले 24 घंटे में 33 मिमी. बारिश दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान 26त्उ दर्ज होने का अनुमान



है।निरंजन डॉट पुल, रेलवे स्टेशन के सामने, गुडिया तालाब, लीडर रोड, नखासकोहना, कीडगंज, मुट्ठीगंज, दरागंज, बक्शी बाजार, रानीमंडी, दरियाबाद, हनस मंजिल आदि इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानी हो रही है।तेज बारिश की वजह से बाजारों में सन्नाटा हो गया। सड़कों पर भी वाहनों की आवाजाही कम है। कई दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से मौसम ठंडा हो गया है।

## विकासखंड कार्यालय के सभागार में हाई वोल्टेज करंट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**जसरा।** विकास खंड कार्यालय जसरा के सभागार में आधी रात ट्रांसफार्मर में उतरे हाई वोल्टेज करंट से आग लग गई। विकास खंड कार्यालय में बने आवास में रह रहे लोगों ने पानी डालकर आग पर किसी तरह काबू पा लिया। विकास खंड जसरा के सभागार में शुक्रवार को लगभग सवा 12 बजे रात अचानक आग लग गई। सभागार में रखी कुर्सियों के साथ छत पर लगी फॉल सीलिंग व दीवाल पर लगी वॉल सीलिंग जलने लगी। पूरे हाल में धुएं का गुबार भर गया। हाल के अंदर से तेज धुआं निकलता देख चौकीदार राजकुमार मौके पर पहुंच गया तथा जैसे ही हाल की खिड़की तोड़ कर खोल दिया। दरवाजे से धुएं का गुबार और लपटे निकलने लगी। चौकीदार तुरंत पीछे हो गया। ब्लॉक कार्यालय में रह रहे अन्य लोगों को भी बुला लिया गया। इतने में



कम्प्यूटर ऑपरेटर श्याम प्रजापति ब्लॉक के पूर्व कर्मचारी अमरजीत यादव सहित अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। चौकीदार ने तुरंत सभागार की बिजली काट दी। इसके बाद सभागार के खिड़की का कांच तोड़कर सबमर्सिबल पंप के पानी से सभागार के आग को बुझा दिया। खंड विकास अधिकारी अनीश अहमद ने बताया कि आग से लगभग एक दर्जन कुर्सी, सभागार की फॉल सीलिंग, वॉल सीलिंग सहित 6 लाख रुपए का नुकसान हो गया। सूचना पाकर शनिवार को ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह मौके पर पहुंचे। तथा नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभागार को बड़ी मेहनत से बनाया गया था। जल्द ही सभागार को एक बार फिर पूर्व की तरह कर दिया जाएगा। उसी समय घटना की जानकारी पाकर क्षेत्र के श्यामाकांत मिश्रा,मनोज मिश्र , अमरजीत सिंह, राजेश शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## दिन दहाड़े किराना व्यवसाई से हुई लूट

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के फतूहां गांव में शनिवार को दिन दहाड़े किराना व्यापारी से लूट से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। सूचना पर सरायइनायत पुलिस के साथ एसओजी की टीम मौके पर पहुच पूछताछ की आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों को भी पुलिस ने खगाला पर अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नही लगा। फतुहा गांव निवासी शुभम केसरवानी पुत्र राजेश केसरवानी किराना व्यापारी है। शनिवार को दोपहर वह किराने का सामान लेने अपने पिकप वाहन से शहर जा रहा था। गांव से कुछ ही दूर एक विद्यालय के पास पहुंचा तभी बाइक सवार दो युवक आए जो गमछे से अपना चेहरा ढके हुए थे, ओवरटेक कर पिकप रोक लिए और साइड मारने का आरोप लगा कर चालक को मारने पीटने लगे तब तक दो बाइक से कुछ युवक और आ गए और पिकप में रखे लोहे की रॉड से वार कर शुभम के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन कर हनुमानगंज की ओर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने अपने साथ हुई लूट की घटना की जानकारी 112 नंबर पर दिया तो तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची गई। सूचना मिलने पर डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, एसीपी थरवई चंद्र पाल सिंह एवं एसओ सरायइनायत संजय प्रसाद गुप्ता भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर पूंछताछ किए। भुक्तभोगी के अनुसार बैग में 76 हजार पांच सौ रुपए था। इस संबंध में एसओ संजय प्रसाद गुप्ता का कहना है की मामला पिकप से बाइक में साइड से टक्कर लगने का लग रहा है।भुक्तभोगी ने पहले पांच लाख लूटने की बात बताई थी फिर चौहत्तर हजार बताया। घटना की जांच की जा रही है। कुछ जगह से सीसी कैमरे की फुटेज निकलवाया जा रहा है।भुक्तभोगी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है।



## कार्यालय जिला पंचायत, कौशाम्बी।

पत्राकः ९०९(v)/ निविदा -जि०पं० कौ०/2024-25 दिनांक 28.09.2024

**संशोधित अति अल्पकालिक ई-निविदा-सूचना**

जिला पंचायत कौशाम्बी व पंचायतीराज अनुभाग-2 के शासनादेश संख्याः 1488 (1)/33-2-2020 दिनांक 24 जुलाई 2020 द्वारा जिला पंचायत कौशाम्बी व लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय के पत्र संख्याः 894/निविदा- जि०प०कौ०/2024-25 दिनांक 26.9.2024 के द्वारा 21 निर्माण कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से संशोधित ई निविदा कार्यालय पत्र संख्या 908/ निविदा-जि०पं० कौ०/2024-25 / दिनांक 28/09/24 के द्वारा दिनांक 07.10.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की गयी है, जिसे उक्त अवधि के दौरान निविदा कभी भी www.etender.up.nic.in पर अवलोकित व डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नवत है -:

1-निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि दिनांक 30.09.2024 समय सायं 05.00 बजे से।
2-निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक 07.10.2024 समय अपरान्ह 02.00 बजे तक।
3-ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि दिनांक 07.10.2024 समय अपरान्ह 02.30 बजे से।
4- निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| अभियंता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| जिला पंचायत कौशांबी। | जिला पंचायत कौशांबी। | जिला पंचायत कौशांबी। |

# शिकायतकर्ताओं की शिकायत का किया जाए समाधानः डीएम

## उद्यमी पुरस्कार योजना के लिये सात अक्टूबर तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी नन्दलाल पटेल ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विभाग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एमएमजीआरवाई) के वित्त पोषित इकाईयों के उत्साहवर्द्धन हेतु उद्यमी पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है। पुरस्कार हेतु चयन का मानक कम पूंजी में अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाली इकाईयों को प्राथमिकता दिये जाने का प्राविधान है। आवेदन ऑफलाइन प्राप्त किया जायेगा जिसकी अन्तिम तिथि सात अक्टूबर 2024 है। आवेदन हेतु बैंक का ऋण स्वीकृत पत्र, उद्योग आधार रजिस्टेट्रशन, बैलेंस सीट एवं इकाई का फोटोग्राफ उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।


समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते डीएम व एसपी।

**अखंड भारत संदेश**

### डीएम एवं एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनी समस्याएं

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली अन्तू में पहुँचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये।

थाना समाधान दिवस में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें राजस्व विभाग की 23 व दो शिकायतें पुलिस विभाग की प्राप्त हुई। राजस्व शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर राजस्व सम्बन्धित प्रकरणों का बिना किसी पक्षपात के सम्बन्धित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरते अन्यथा की स्थिति मे सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने लेखपालों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान जो शिकायतें प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का शत् प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया जाये, किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाये और उसका समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने बैजलपुर की लेखपाल उषा मौर्य से पैमाइश करने की जानकारी प्राप्त की तो लेखपाल ने नक्शे पर पैमाइश करके दिखाया। थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नदियों में न किया जाए मूर्ति विसर्जनः जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएफओ ने बताया कि जनपद में निर्धारित वृक्षारोपण के लक्ष्य 52 लाख 91 हजार 029 पौधों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वृक्षारोपण के जियो टैग के सम्बन्ध में बताया गया कि राजस्व विभाग के जियो टैग का प्रतिशत सबसे कम है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जियो टैग शत् प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग का जियो टैग का प्रतिशत सबसे कम पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि जियो टैग का कार्य पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण की सफलता प्रतिशत की सूचना निर्धारित प्रारूप पर समय-समय पर उपलब्ध कराते रहे। जिला गंगा समिति की बैठक में डीएफओ ने समस्त विभागों से यह अपेक्षा करते हुये कहा कि नदी और तालाब में ठोस अपशिष्ट तथा मृत जानवरों को प्रवाहित न किया जाये इसका अपने अपने स्तर से प्रचार प्रसार करें। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि नदियों में ठोस अपशिष्ट पदार्थ एवं मूर्ति विसर्जन न किया जाये इस पर उचित कार्यवाही की जाये, नदियों को साफ व स्वच्छ रखा जाये। डीएफओ ने बताया कि गंगा ग्रामों के आस-पास स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जिससे गंगा नदी को स्वच्छ, साफ रखने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गंगा के किनारे के 17 गांव मॉडल गांव हो गये है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दमदम झील पर जो भी अवैध कब्जे है उसे हटवाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, डीएफओ जगदम्बिका प्रसाद व सम्बन्धित अधिकारी एवं समिति के सयदस्य उपस्थित रहे।

# बाइक पुल से टकराकर पानी में गिरी, एक की मौत, एक घायल

**अखंड भारत संदेश**

### ग्रामीणों ने शव व बाइक को पानी से निकाला

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के लखपेड़ा बाजार में मिष्ठान दुकानदार सावन वराई अपनी बाइक से दोस्त राजीव मलिक के साथ नरई ढाबे पर खाना खाने गए थे, जहा से वापस लौटते समय उनकी बाइक नेवादा कला गांव के समीप शारदा सहायक प्रतापगढ़ जल शाखा के पुल से अनियंत्रित होते हुए नहर के पुल से टकराते हुए नीचे पानी में गिर गई।

इससे सावन वराई पुत्र सुभाष वराई (28) वर्षीय की मौके पर मौत हो गई और बाइक पर पीछे बैठे राजीव मलिक पुत्र नीतू मलिक (27) वर्षीय बाइक से दूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने पानी से बाइक व सावन वराई का शव बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र भदौरिया व उप निरीक्षक विनय वर्मा अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और भीड़ को अलग हटाते हुए शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक बंगाल का रहने वाला है जो यहां थाना क्षेत्र लखपेड़ा बाजार में मिष्ठान की दुकान खोले हुए है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई।

## तूफान से बिजली का पोल धराशाई कई घरों की बिजली गुल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त गया है। शुक्रवार की रात नौ बजे के करीब तिबीपुर निवासी मंजे के घर के बगल से आमापुर फीडर से बिजली सप्लाई की जाती हैं तेज तूफान आने के कारण रात के 9रू00 बजे के करीब दो बिजली के पोल गिर गया जिससे जयशंकर तिवारी, मुन्ना तिवारी, सोमनाथ यादव, मंजे के सहित दर्जनों घरों की बिजली की सप्लाई ठप हो गई बिजली न आने के कारण घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद पड़े है रात में अंधेरा छाया रहता है।

# जहानाबाद के सौंदर्यी करण मे विलम्ब होना उचित नहींः एमएलसी

**अखंड भारत संदेश**

### गंगा घाट का किया निरीक्षण कार्य योजना बनाकर जल्द शुरु हो काम

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र कुण्डा के प्रसिद्ध गंगा घाट जहानाबाद के सौंदर्यीकरण की योजना के काम मे हो रही देरी पर आज प्रतापगढ़ के एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भैया ने नाराजगी व्यक्त किया। उन्होने कहा की जब विकास के किये धन आवंटित करवा दिया गया है तो बिना मतलब की देरी का क्या औचित्य है। राजा भैया के प्रयास पर्यटन विभाग ने गंगा घाट जहानाबाद के लिए धन राशि जारी कर दिया है लेकिन विभाग द्वारा अभी कार्य योजना नहीं बनाये जाने के चलते कार्य शुरु होने मे विलम्ब हो रहा है। गोपाल भैया ने दो टूक शब्दों मे सम्बन्धित विभाग को चेताया है की अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


गंगा घाट का निरीक्षण करते एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल।

बताते चलें की आज दोपहर को गोपाल भैया ने कुण्डा कार्यालय मे नगर पंचायत और विधानसभा क्षेत्र से आये लोगों की समस्या सुनी और सम्बन्धित विभाग को समस्याओं के निदान के लिए फोन किया। भारी बारिश मे भी सैकड़ो लोग उनसे मिलने कार्यालय पहुचे हुए थे। गोपाल भैया ने भास्कर प्रतिनिधि से कहा की विकास कार्य गति से चले और लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बनी रहे ये न सिर्फ राजा भैया बल्कि उनका भी प्रयास रहता है। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डा. के एन ओझा, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल, विनोद मिश्रा पत्रकार, पूर्व प्रमुख डब्बू सिंह, प्रधान बचरौली संजय सिंह, प्रधान समसपुर दामू, युवराज सिंह उदित, क्षिरसागर तिवारी, डा लाल बहादुर पांडे, शुभम ओझा समेत लोग मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज कालाकाकर में वाद विवाद प्रतियोगिता में शैलजा ने मारी बाजी

### अभय व सुहानी ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकाकर एवं वन विभाग कालाकांकर रेंज के संयुक्त तत्वाधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता महाविद्यालय में शनिवार को संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 21 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग लिया।

विद्यार्थियों ने सेवा एवं स्वच्छता विषय पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये तथा पर्यावरण और भूमंडल नभ, जल और स्थल को साफ एवं सुरक्षित रखने के विभिन्न तरीकों पर बात की। इस अवसर पर वन विभाग कालाकांकर के डिप्टी रेंजर अवध विहारी एवं महाविद्यालय के प्रो0 प्रदीप सिंह, प्रो0 रामकरन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भूपेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शैलजा पटेल ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष के छात्र अभय प्रताप ने द्वितीय स्थान तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुहानी मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने विजयी प्रतिभाग को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना किया। इस मौके पर कालेज के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व कर्मचारी लोग मौजूद रहे।


विजयी प्रतिभागी के साथ एनएसएस अधिकारी।

# रायपुर झील में डूबने से वृद्ध की हुई मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार की शाम रायपुर झील में डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने शव को झील से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी दिनई (65) लगभग शायं पांच बजे झील की तरफ घूमने गया हुआ था। अचानक पैर फिसलने से वह झील में गिर गया। वृद्ध होने की वजह से वह बाहर नहीं निकल सका। आस-पास मौजूद लोगो ने देखा तो दौड़कर उसे बाहर निकाला, लेकिन उससे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे प्रधान रमेश प्रताप सिंह ने घटना की सूचना राजस्व अधिकारियों के साथ पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

# लटके विद्युत तार से पुलिसकर्मी की मौत, एसपी ने दिया कंधा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाइन में अपने निवास पर जाते समय लटकते विद्युत तार छू जाने से कांस्टेबिल शिवम कनौजिया उसकी चपेट में आ गया। लोग दौड़े और जिला अस्पताल ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इससे पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गयी।

मृतक सिपाही बाराबंकी जनपद का रहने वाला था। सिपाही की मौत से पूरे पुलिस लाइन में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अधीक्षक डा अनिल कुमार ने नम आंखों से सिपाही को कंधा दिया। शनिवार को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर एसपी समेत पुलिस कर्मियों ने दिवंगत पुलिस कर्मी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सलामी दी गई। इसके बाद मृतक सिपाही का पार्थिक शरीर उसके पैतृक गांव के लिए रवाना किया गया। बे मौसम बारिश ने पुलिसकर्मी की जान से पूरे जिले में दुख एवं शोक की लहर है।


पुलिस कर्मी की अर्थी को कंधा देते एसपी अनिल कुमार।

# लगातार वर्षा का पानी घरों में घुसा, जेसीबी व सक्शन मशीन लेकर पहुंची नगर पालिका

### डीएम-एसपी पहुंचे गायघाट रोड, लोगों से जानी समस्या

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में 48 घंटे से हो रही वर्षा से आम आदमी का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। गायघाट रोड के किनारे बने मकानों, साकेत गर्ल्स महाविद्यालय, बलीपुर, बाबागंज, करनपुर, आदर्श नगर मोहल्ले में वर्षा का पानी घरों में घुस गया है। रेलवे स्टेशन रोड पर जलभराव से आसपास के रहने वाले लोगों तथा यात्रियों को भारी समस्या झेलनी पड़ रही है। बता दें कि दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा का रिकार्ड कई वर्षों का टूट गया है। 48 घंटों में 600 मिलीमीटर पानी प्रतापगढ़ में बरसा है।

गायघाट रोड पर साकेत महाविद्यालय जलमग्न होने व आसपास मकानो में जलभराव की सूचना पर निरीक्षण करने पहुंची जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डा अनिल कुमार के अलावा एडीएम, एसडीएम, शहर कोतवाल पहुंचे। डीएम-एसपी ने परेशान लोगों की बातों को सुना और घरों का पानी नगर पालिका से सक्शन मशीन लगाकर निकलवाया। जबकि साकेत महाविद्यालय के जलभराव की समस्या अभी हल नहीं हुई। इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मकानों में घुसा पानी को सक्शन मशीन से निकाल लिया गया है। चार सक्शन मशीन लगाई गई है। साकेत महाविद्यालय के पास की पुलिया जाम है जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन रोड, डिग्री कालेज के सामने, करनपुर मोहल्ला में आज दूसरे दिन भी जलभराव रहा। इससे लोगों को परेशानी हुई। लोगों का कहना है कि बाबा आदम के जमाने के बने नाले-नालियों से इतनी भीषण वर्षा का पानी नहीं निकल सकता। इसके अलावा ज्यादातर नाले-नालियों पर अवैध कब्जा आज भी बरकरार है। जानकार लोगों का कहना है कि उत्तर में सई नदी और दक्षिण में सइया बांध का नाला है। मास्टर प्लान बनाकर शहर के पानी के जलभराव को रोका जा सकता है।


लोगों से बातचीत करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।


जेसीबी से जलभराव हटाते नपा कर्मी।

## दूसरे दिन भी जलभराव से चरमराई अस्पताल की व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को दोपहर में हुई तेज बारिश से जलभराव होने पर एक बार फिर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई। जिसका खामियाजा मरीजों और तीमारदारों को भुगतना पड़ा। हालांकि सफाई कर्मियों की फौज लगाकर ड्रेनेज की सफाई कराई गई। लेकिन वह काफी नहीं थी। कुछ देर बाद पानी फिर से अस्पताल परिसर में लबालब हो गया। कर्मचारियों का कहना है कि ड्रेनेज सिस्टम बनाते समय ध्यान नहीं दिया गया। इसमें जल निकासी के लिए तीन इंच की पाइप लगाईं गई है। भला इससे पूरे अस्पताल, पांच मंजिला बिल्डिंग का पानी कैसे निकलेगा। यह पाइप लोग घरों में जल निकासी के लिए लगाते हैं। सीएमएस का कहना है कि सफाई कर्मियों को लगाया हैं सफाई की जा रही है।

## बारिश से नाले उफान पर, गिर रहे कच्चे मकान, स्कूल में भरा पानी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा बीते तीन दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरुवार की शाम से शुरू हुई बारिश शुक्रवार व शनिवार को भी होती रही। तेज बारिश के चलते तंबूरा नाला ऊफान पर है। इससे दलापुर तिबीपुर मार्ग जलमग्न हो गया है। दोनों गांव का संपर्क कट गया है। पूरे दलपति शाह गांव निवासी देवी प्रसाद वर्मा का कच्चा मकान रात में 12 बजे गिर गया है। जिसमें रखी गृहस्थी दब कर नष्ट हो गई। तिबीपुर प्राथमिक विद्यालय परिषर जलमग्न हो गया है। तंबूरा नाला उफान पर होने के चलते आसपास इलाके के धान की फसल भी डूब गई है। जिससे नुकसान होने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से कई घरों में पसरा रहा अंधेरा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पूरे दलपत शाह गांव में रविवार की रात ट्रांसफार्मर के फुंक जाने के कारण एक इलाके की विद्युत आपूर्ति बंद है जिससे 100 से अधिक घरों में बिजली न आने से गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं। ग्राम पूरे दलपत शाह की आबादी दो हजार के लगभग है। शत प्रतिशत घरों में बिजली के कनेक्शन हैं। गांव में पांच ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। उनमें सबसे बड़ा ट्रांसफार्मर 100 केवीए का है बाकी अन्य 63 और 25 केवीए के हैं। अब 100 केवीए का ट्रांसफार्मर अधिक भार के कारण साल भर में तीन बार फुंक चुका है। सात दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका है। इस कारण ग्रामीण बिजली न आने से गर्मी के मौसम में खासे परेशान हैं। गांव के निवासी नन्हेंलाल गौतम कहते हैं कि ट्रांसफार्मर बदले जाने में कई दिन लगने की उन्हें विभाग से जानकारी हुई है। उन्होंने दुकरा उपकेंद्र के जेई अमित पाल से इसकी शिकायत दर्ज करा दी थी। इस ट्रांसफार्मर के फुंक जाने से करीब 100 से अधिक घरों में बिजली नहीं आ रही है, जिसको लेकर शनिवार को दिनेश कुमार वर्मा, प्रदीप पाल, मुकेश कुमार गौतम, कैलाश वर्मा, किरण वर्मा, गीता देवी, ऊषा देवी सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। दुकरा उप केंद्र के जेई अमित पाल ने बताया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर बदला जाएगा।


मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरित करतीं मुख्य अतिथि।

# आधी आबादी को सामाजिक रूप से मिले बराबरी का अवसरः बीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

### प्रधान संघ अध्यक्ष ने 64 मेधावी छात्राओं को भेंट की साइकिल

**प्रतापगढ़।** मानधाता ब्लॉक के पर्वतपुर गांव में शनिवार को अलग-अलग गांवों की मेधावी एवं जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ मानधाता श्रुति शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आधी आबादी को सामाजिक रूप से बराबरी का अवसर मिलना चाहिए। इससे समाज में और मजबूती आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बहुत सी बच्चियों को उच्च शिक्षा नहीं दी जाती है। माता-पिता को चाहिए कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, ताकि उनके बेहतर व सुनहरे भविष्य की स्थापना की जा सके। कहा कि बेटियों के शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अभिभावकों को भी प्रेरित करने की जरूरत है। आयोजक ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह बबऊ ने कहा कि अभाव से जूझ रही लड़कियों को अपने पैर पर खड़ा करने का अवसर मिलना चाहिए। इस बदलाव के लिए अभिभावकों को बेटियों की पढ़ाई को लेकर गंभीर रहना होगा। इसी मंशा के साथ यह कार्य विगत पांच वर्षों से कर रहा हूँ। पुरानी रूढ़ियों से बाहर निकल कर लड़कियों को शिक्षित बनाने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। संचालक जिला सहकारी बैंक गीता सिंह, आकांक्षा सिंह एवं महिलाओं ने बीडीओ का स्वागत किया। एडिशनल असिस्टेंट डायरेक्टर जीएसटी इंटेलिजेंस मुम्बई धनंजय सिंह एवं एआरओ खाद्य एवं रशद विभाग प्रीति सिंह ने पुष्प वर्षा कर छात्राओं का अभिनन्दन किया। संयोजन अखिलेश प्रताप सिंह,देवेंद्र प्रताप सिंह,कुलदीप सिंह,सुभाष सिंह ने किया। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य लालता प्रसाद पांडेय एवं संचालन दिवाकर सिंह ने किया। इस दौरान सूर्यबली मिश्र, हरिकेश सिंह, हरिहर सिंह, शिव शंकर बौद्ध, ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह, सतीश यादव, इमामुद्दीन, अनिल सिंह बब्बू, कमल सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# मछुआरा समुदाय के लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराकर पात्र योजनाओं से करायें लाभान्वित : मंत्री

## प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मत्स्य ने की स्वास्थ्य, मत्स्य, जल शक्ति, मंडी परिषद, अग्रणी बैंक प्रबंधक, खाद्य सुरक्षा, परियोजना, सहकारिता एवं विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक




**कौशाम्बी।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, मत्स्य डॉ0 संजय निषाद की अध्यक्षता में उदयन सभागार में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, जल शक्ति विभाग, मंडी परिषद, अग्रणी बैंक प्रबंधक, खाद्य सुरक्षा, जिला सहकारिता, जिला परियोजना एवं विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कैबिनेट मंत्री ने बैठक में कहा कि मछुआ समुदाय के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाओं को बना रही है, जिससे मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकें। मंत्री जी ने भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा एवं मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत अन्तदेर्शीय मत्स्य पालन, मछुआरों के कल्याण, नई तकनीकी आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, किसानो की आय में वृद्धि, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, निषादराज वोट योजना, मछुआ कल्याण कोष (जिसमें मछुआ समाज को विभिन्न मदों के तहत आर्थिक सहायता दी जा सकती है) ग्रामसभा एवं अन्य पट्टे के तालाबों में निवेश तथा मत्स्य बीज बैंक की स्थापना के लिए के लिए वित्तीय सहायता के रूप में महिला एवं अनुसूचित जाति/जनजाति को 60 प्रतिशत तथा अन्य सभी वर्ग को 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।उन्होंने मत्स्य पालक कल्याण कोष के संबंध में कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समन्वय बनाकर जिन मछुआ लोगों के पास आधार कार्ड है, उन्हें 5 लाख का स्वास्थ्य लाभ दिया जाय। उन्होंने प्रचार प्रसार कर सभी मत्स्य पालकों का क्रेडिट कार्ड बनाये जाने के निर्देश अग्रणी बैंक प्रबन्धक को दिये हैं। इसके साथ ही उन्हांने कहा कि मत्स्य विभाग से जो एप्लीकेशन फॉरवर्ड किये गये हैं, उन्हें पेंडिंग ना रखा जाय, लंबित एप्लीकेशनों का एक हफ्ते के अंदर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्हांने विकसित तालाबों का पट्टा कराने एवं अविकसित तालाबों को ठीक कराने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन तालाबों में पानी नहीं है उनमें पानी भरवाया जाय। उन्हांने कहा कि कितने तालाबों में पानी है कितने में नहीं है इसकी लिस्ट बनाकर शासन को प्रेषित करें। मंत्री जी ने कहा कि सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत तहसील स्तर पर कार्य योजना बनाकर जितने भी मछली बेचने वाली महिला, पुरुष हैं, उनका बीमा अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मछुआरा समुदाय के लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराकर सभी पात्र योजनाओं से लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के मोबाइल नंबर पर वार्ता कर, उन्हें ग्रामसभा के तालाब की पट्टे की प्रगति के संबंध में अवगत करायें। उन्हांने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जनपद के तालाबों को पात्र लाभार्थियों को आवंटित करें, जिससे वे अपना व्यवसाय कर रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने जिला मत्स्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यमुना नदी के किनारें एक डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाय, जिससे वहां के गरीब बच्चों को पढ़ने में सुविधा मिल सकें। उन्होंने उपनिदेशक मत्स्य को निर्देशित किया कि एक-एक शासनादेश का पालन करना आप लोगों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग सेवा भाव के माध्यम से कार्य करें, नौकरी के भाव से सेवा ना करें। उन्होंने कहा कि सभी से उम्मीद है कि आप लोग कोऑर्डिनेट कर सहयोग करेंगे, जिससे जनपद का विकास हो सकेंगा इस अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निरीक्षण कार्यों में श्रम प्रवर्तन एवं खादी ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा लापरवाही बरतने पर डीएम ने दी चेतावनी

### जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अधिकारियों द्वारा निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण कर आख्या रिपोर्ट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में की गई समीक्षा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश के क्रम में अधिकारियों को निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण कर आख्या मागी गई थी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उदयन सभागार में समीक्षा कर अधिकारियों से आख्या रिपोर्ट प्राप्त की गईं। जॉच आख्या रिपोर्ट में कमियॉ एवं लापरवाही पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को निरीक्षण करने के लिए भेजा जा रहा है, वो पूरी सूचना के साथ आयें, आख्या स्पष्ट होना चाहिए, भ्रमित आख्या न प्रस्तुत करें। निरीक्षण कार्यों में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं खादी ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर जिलाधिकारी ने चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें।समीक्षा में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा निर्देशित किया कि आगामी सोमवार को पुनः सम्बन्धित निर्माण कार्यों की पूर्ण गुणवत्ता व गहनता के साथ जॉच कर आख्या उपलब्ध करायें तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत परियोजनाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में चल रहीं अन्य सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय सत्यापन अतिरिक्त जॉच कमेटी बनाकर करायी जाय।

## करंट लगने से अधेड़ झुलसा

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज ब्लॉक अन्तर्गत सोखदा निवासी मो. यासीन उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र अजीज शनिवार सुबह लगभग 11 बजे घर में लगे हैंडपंप में पानी भरने गया था जैसे उसने हैंडपंप को पकड़ा उसमें करंट उतर आया था जिससे यासीन को करंट का जोरदार झटका लगा और वह जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा करंट लगने से वह झुलस गए करंट के झटका की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है

## रोजगार मेले में 70 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन, राआईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में एसएनपी प्रा. आईटीआई संभुई मोड, कडा के परिसर आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी डस्की कंसल्टेंसी द्वारा कुल 70 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में कुल 98 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर काउंसलर सौरभ कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी विनोद कुमार सिंह एवं संस्थान के प्रबंधक निशांत सिंह उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन इन्क्युवेशन सेंटर का निरीक्षण कर डीएम ने दिये निर्देश

### जिलाधिकारी ने शुजातपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे सम्पार संख्या 15सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का किया आकस्मिक निरीक्षण

### इन्क्युवेशन सेंटर के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराकर दीवाली तक हैण्डओवर कराने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज-कानपुर रेल सेक्शन के किमी0 872/13-15 शुजातपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे सम्पार संख्या 15 सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निरीक्षण किया गया। सेतु निगम के परियोजना प्रबन्धक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पहॅुच मार्ग आदि का कार्य सेतु निगम द्वारा तथा मुख्य सेतु (रेलवे पोर्शन) का निर्माण कार्य रेलवे विभाग द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें पहॅुच मार्ग आदि कार्य की भौतिक प्रगति 73 प्रतिशत तथा रेलवे विभाग की भौतिक प्रगति 45 प्रतिशत प्राप्त की जा चुकी है। इसके साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि मुख्य सेतु (रेलवे पोर्शन) का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त पहॅुच मार्ग आदि का कार्य पूर्ण करने में 02 माह का समय लगेंगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए परियोजना को लक्षित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा उद्यान विभाग के निर्माणाधीन इन्क्युवेशन सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग एवं कार्यदायी संस्था को आपसी समन्वय बनाकर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जो मशीन यहॉ पर लगनी है, उन्हें जल्द से जल्द मगवा कर स्थापित कराया जाय। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले निर्माण कार्य को पूर्ण कराकर इकाई को हैण्डओवर कर क्रियाशील किया जाय।

## पीएनसी कम्पनी ने रोड को ट्रक पार्किंग स्थल में किया तब्दील



**महगांव कौशाम्बी।** तहसील चायल के मूरतगंज के चंदवारी चौराहे से लेकर करीब एक किलोमीटर तक रोड पर पीएनसी कम्पनी के काम में लगी सैकड़ो ट्रक डम्फर को खड़ी कर रोड को पार्किंग में तब्दील कर दिया जिससे रोड पर अन्य वाहनों का आवा गमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। यही नहीं आए दीन पीएनसी की सैकड़ों ट्रक ओवरलोड होकर इसी तरह रोड पर खड़ी रहती है जिससे सड़क भी क्षति ग्रस्त हो गई है। गिट्टी और मिट्टी से सड़क पूरी तरह से पट गई है इस सड़क पर आना जाना दुस्वार हो गया है। बता दे की यह मार्ग मुरतगंज जीटी रोड से बदनपुर कुबरी घाट से जोड़ती हैं, साथ ही अन्य दर्जनों गांव का मुख्य मार्ग है। जिस पर करीब एक किलोमीटर तक ट्रक ही ट्रक खड़ी है, पीएनसी कम्पनी द्वारा सड़क पर अवैध कब्जा कर सड़क को पार्किंग में तब्दील कर दिया जिस वजह से समझ में नहीं आता की सड़क है या पार्किंग स्थल। इस अव्यवस्था पर शासन व जिले का प्रशासन मौन है, यातायात पुलिस भी चुप्पी साधे है। मूरतगंज कस्बे से चन्द कदम की दूरी पर चंदावरी चौराहे से लेकर एक किलोमीटर तक रोड पर खड़ी ट्रक दूर से दिख रही है फिर भी जिम्मेदार आखिर मौन क्यों है? यातायात पुलिस की इस लापरवाही से उस मार्ग पर आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंजर देख कर लगता हैं की पीएनसी कम्पनी ने सड़क को लीज पर लेकर उसे पार्किंग स्थल बना दिया है जिससे दूसरो के मुल अधिकारों का उल्लंघन तो हो ही रहा है साथ ही यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं।

## नगर पालिका की सड़क की दुर्दशा से जनमानस परेशान



**कौशांबी** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अहसानिया मदरसा के थोड़ा सा आगे बाएं हाथ पर जाने वाले रास्ते की दुर्दशा से आम जनमानस परेशान है यह पूरी सड़क गड्ढे में तब्दील है इस सड़क पर लोगो का चलना मुश्किल है पूरी सड़क पर साल भर कीचड़ भरे रहते हैं लेकिन उसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है जिससे योगी सरकार के विकास का अंदाजा लगाया जा सकता है मोहल्ले के लोगों ने सड़क की दुर्दशा पर अफसरों का ध्यान आकर्षित कराया है

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए धर्मा देवी कॉलेज के छात्र रवाना



**अझुवा कौशाम्बी।** राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन अझुवा के 05 छात्र चौरी चौरा एक्सप्रेस से गोरखपुर के लिए रवाना हुए है गोरखपुर जाने से पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा छात्रों का माल्यर्पण कर स्वागत किया गया विद्यालय के शिक्षक शंकर लाल भी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले छात्रों के साथ में गोरखपुर गए हुए है कोच शिक्षक निर्भय सिंह एवं बलवन्त कुमार द्वारा सिराथू रेलवे स्टेशन से छात्रों को विदा कर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

# केपीएस भीटी में छात्रों ने जंक फूड से बचने का दिया संदेश




**भरवारी कौशाम्बी** भीटी महगांव स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को छात्रों ने जंक फूड के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्वस्थ खान-पान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत पोस्टर और पेंटिंग प्रदर्शनी से हुई, जिसमें बच्चों ने जंक फूड के दुष्प्रभावों को रचनात्मक ढंग से चित्रित किया। इन पोस्टरों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जंक फूड किस तरह से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और कैसे संतुलित आहार अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य पाया जा सकता है। छात्रों ने तैलीय और शक्करयुक्त खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों जैसे मोटापा, हृदय रोग, और मधुमेह के बारे में भी जागरूक किया। इसके बाद छात्रों ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने जंक फूड की लत और उसके गंभीर परिणामों को दिखाया। नाटक में यह दशार्या गया कि कैसे जंक फूड धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को बर्बाद कर सकता है और किस तरह से सही पोषण और संतुलित आहार अपनाकर हम एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। नाटक ने उपस्थित दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा और सभी ने इसकी सराहना की। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि स्वस्थ आहार न केवल शरीर को सशक्त बनाता है बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होता है।कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश श्रीवास्तव ने छात्रों के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। इस आयोजन ने छात्रों और अभिभावकों दोनों के बीच एक मजबूत संदेश पहुंचाया और सभी ने स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान साक्षी मैम, मनोरमा मैम, शांति मैम आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## एअरटेल नेटवर्क न मिलने से उपभोक्ताओं का नही चलता मोबाईल फोन

**नेवादा कौशाम्बी** एअरटेल कम्पनी ने गांव मे टॉवर लगाकर गांव के लोगों को सिम बांटकर नेटवर्क के नाम पर लालीपॉप देने का काम किया है। चायल तहसील के औधन गांव मे एअरटेल का टॉवर कम्पनी वाले लगाकर चले गये और टॉवर लगने के बाद गांव के सैकड़ों लोग अपने सिम को अन्य कम्पनियों से एअरटेल कम्पनी मे पोर्ट करा दिया और एअरटेल के उपभोक्ता बन गये कि अब गांव मे टॉवर लग गया है नेटवर्क अच्छा रहेगा कुछ दिन तो ठीकठाक चला लेकिन इस समय काफी दिनों से 100 मीटर की दूरी भी नही कवर कर रहा है जिससे एअरटेल उपभोक्ताओं का मोबाईल काम नही कर रहा है जब तक बिद्युत सप्लाई रहती है कुछ गलीमत रहती है और बिद्युत सप्लाई न रहने पर कुछ भी नेटवर्क नही मिलता जब कि जनरेटर है भी तो वह शोपीस मे खड़ा रहता है इधर कुछ दिनो से बिद्युत सप्लाई रहने के बाद भी नेटवर्क नही मिल पाता जिससे एअरटेल उपभोक्ता परेशान हैं।

# बलात्कार के आरोपी के पिता के आतंक से गांव में दहशत

अखंड भारत संदेश

### बलात्कार के आरोपी को बचाने के लिए तीन लाख वसूली करने वाला पुलिस विभाग में कौन

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर गांव के बलात्कार के मुकदमे में आरोपी अख़्तर पुत्र अकबर अली के विरुद्ध मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 127 सन 2024 दिनांक 5 मई 2024 को दर्ज किए जाने के बद आरोपी अख्तर की गिरफ्तारी 4 महीने से अधिक बीत जाने के बाद पुलिस नही कर सकी है बलात्कार आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है और इसके पिता अकबर अली भी गौकशी के मामले में जेल की हवा खा चुके हैं इन दिनों बलात्कार के आरोपी के पिता अकबर अली के आतंक से गांव के लोग पीड़ित हैं लेकिन टेवा चौकी पुलिस अकबर अली पर अंकुश नहीं लगा पा रही है बताया जाता है कि 25 सितंबर को सुबह 9:00 बजे गांव की परवीन बानो सहित कई महिलाओं को अकबर अली ने लाठी डंडे से पीट दिया है जिससे महिलाओं को चोट आई है महिलाओं के घर की दीवार में नाली का पानी बहाने से महिला की दीवार गिर गयी महिलाओं पर दिनदहाड़े हमला करने के मामले में भी अकबर अली पर मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी नहीं हुई है पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत 27 सितंबर को पुलिस अधीक्षक से की है बलात्कार आरोपी के बिरुद्ध अदालत ने धारा 82 की कार्यवाही की है कई बार अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है लेकिन बलात्कार आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है चचाओं पर जाए तो बलात्कारी को बचाने के लिए पुलिस महकमे में तीन लाख की वसूली हुई है और खेत की रकम से आरोपियों ने 3 लाख रुपए दिया है।

# डॉक्टर हत्याकांड में हत्यारों की गिरफ्तारी में परास्त हो गई पुलिस

### पीएम हाउस में रोने वाली युवती का डॉक्टर की हत्या से क्या था रिश्ता

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बालक मऊ गांव में 7 वर्ष पूर्व आधी रात को एक डॉक्टर की बेरहमी से कत्ल के खुलासे के मामले में कौशांबी की पुलिस परास्त हो गई है सात साल बीत जाने के बाद हत्यारे को गिरफ्तार कर पुलिस जेल नहीं भेज सकी है जबकि हत्यारो का नाम हवा में तैर रहा है युवती से अवैध संबंधों के चलते डॉक्टर की हत्या की गई थी डॉक्टर की प्रेमिका पोस्टमार्टम हाउस तक रोते-रोते पहुंची थी हत्या का साक्ष्य सब कुछ खुलेआम तैर रहा है लेकिन पुलिस 7 वर्षो से अनजान बनने का ढोंग कर रही है चचाओं पर जाए तो एक दलाल हत्यारो को बचाने के लिए बार-बार मोटी रकम वसूल रहा था। जानकारी के मुताबिक डॉ महेंद्र कुमार सरोज निवासी आलम चंद 18 अगस्त 2017 को बालक मऊ गांव में अपनी क्लीनिक के बाहर चारपाई में सो रहे थे आधी रात को किसी वजनी औजार से उनके सिर पर तेज प्रहार कर बड़ी बेरहमी से डॉक्टर की हत्या कर दी गई थी डॉक्टर की हत्या पर गांव की एक युवती रोते-रोते पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंच गयी थी डॉक्टर के युवती से क्या संबंध थे लोगों की चर्चा का विषय था लेकिन 7 वर्ष बीत जाने के बाद डॉक्टर के हत्यारे को गिरफ्तार कर कौशांबी पुलिस जेल नहीं भेज सकी है जबकि डॉक्टर की हत्या में शामिल लोगों को जांच के नाम पर कई बार कोखराज पुलिस ने गिरफ्तार किया था कई कई दिन थाने में रखने के बाद मोटी रकम मिलने के चलते डॉक्टर के हत्यारे को पुलिस ने बेगुनाह साबित करते हुए थाने से ही छोड़ दिया है जिससे डॉक्टर हत्याकांड का खुलासा 7 वर्ष बाद भी नहीं हो सका है जो पुलिस महकमे में गम्भीर घटनाओं के त्वरित खुलासे पर सवाल खड़ा कर रहा है।

## न्यूज झरोखा

### नायब तहसीलदार व एसओ कोखराज ने सुनी फरियादियों की समस्या



**कोखराज कौशांबी** समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाना में नायब तहसीलदार संजय सिंह व एसओ कोखराज दुर्गेश कुमार गुप्ता व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आम जनमानस व फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और मामले का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का सम्बंधित क्षेत्र के लेखपालों को आदेशित किया गया समाधान दिवस के मौके पर 8 मामलें आये जिसमें 2 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया इस मौके पर एसओ कोखराज दुर्गेश कुमार गुप्ता,चौकी प्रभारी शाहजाद पुर सियकान्त चौरासिया व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह,लेखपाल लोकनाथ पांडेय, ,देवेंद्र सिंह, सुमित केशरवानी, ,नित्या पाल, कमल सिंह,अनुराधा वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### खुदाई के दौरान ठेकेदार ने जेसीबी से तोड़ दिया पाइपलाइन पानी की समस्या से जूझ रहे नगरवासी



**अझुवा कौशाम्बी** नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नम्बर 1 भौतर में पानी टँकी का निर्माण हो रहा है निर्माण में लगे ठेकेदार ने जेसीबी मशीन से सड़क की पटरी की खुदाई शुरू कर दी ठेकेदार के इस खुदाई के दौरान नगर पंचायत के वार्ड नंबर 07 और 11 के पाइप लाइन को ठेकेदार की जेसीबी मशीन ने तोड़ दिया है जिससे नगर के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है खुदाई में निकले मलवा को भी ठेकेदार ने वहीं छोड़ दिया इससे नगर के लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है पानी की समस्या से पीड़ित नगर के लोगों ने मामले की शिकायत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष से की है

### सवारियों से भरे ई रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर दो घायल



अझुवा कौशाम्बी सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा बरदाहाई मोड़ के पास सवारियों से भरे ई रिक्शा को तेज गति ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे ई रिक्शा में बैठी दो सवारी गम्भीर रूप से घायल हो गयी है हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गयी सूचना पाकर मौके पुलिस और एम्बुलेंस पहुंची घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया गया है जानकारी के मुताबिक संगीता देवी पत्नी पिंटू केसरवानी वार्ड न 8 अझुवा सहित ,ड्राइवर वीरेंद्र पुत्र धर्मपाल,निवाली मोगरी परास 6 सवारियों को लेकर परास की तरफ से अझुवा आ रहा था लोहदा मोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग में कट न होने की वजह से ई रिक्शा विपरीत दिशा से जा रहा था जिससे अझुवा के बरदाहाई मोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी जिससे संगीता देवी पत्नी पिंटू और ड्राइवर घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा वही और जो और सवारियां बैठी थी उनका नाम पता नहीं चल पाया अपने परिजनों के साथ वह मोटर साइकिल बुलाकर चली गई है

### महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज में सेवा पखवाड़ा का हुआ आयोजन




**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज अलामचंद में सेवा पखवाड़ा का आयोजन शनिवार को हुआ प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने बताया की कक्षा 6 से 8 तक छात्र छात्राओं को संवाद प्रतियोगिता वोकल फोर लोकल प्रेमचंद व महेंद्र व शिवकांत प्रताप सिंह व बृजेश चन्द्र श्रीवास्तव व दिनेश पाल इसी कड़ी में कक्षा 9 एवं 10 के छात्र छात्राओं के मध्य आत्म निर्भर भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता में सुभाष प्रजापति व शारदा देवी व राममूरत पाल वा इसी कड़ी में कक्षा 11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं के मध्य वोकल फॉर लोकल व विकसित भारत मिशन सम्भाषण प्रतियोगिता में सुधीर सिंह व उदय शंकर साहू स्टेज माइक प्रतियोगिता में सुष्मिता तिवारी व उर्वशी गुप्ता को साल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस मौके पर प्रवक्ता बृजेंद्र श्रीवास्तव ,सुष्मिता तिवारी, व अध्यापक राजेंद्र कुमार यादव, गोपाल कृष्ण मिश्रा, नृपेंद्र कुमार सिंह, प्रेमचंद ,उदय शंकर साहू, नूतन, विपिन कुमार, दिनेश सिंह, दिनेश कुमार, अशोक कुमार पाल, शारदा देवी, रश्मि त्रिपाठी, सुभाष चंद्र प्रजापति, धीरेंद्र कुमार उपाध्याय, नीरज कुमार, महेंद्र कुमार, कंचन मौर्या राम मूरत सिंह पाल, विपुल प्रताप सिंह, उर्वशी गुप्ता, दुर्गेश कुमार पटेल, सुधीर सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार व परिचालक धर्मवीर, ज्योत्री सिंह आदि मौजूद रहे

### नगर पंचायत अझुआ कार्यालय में बैठक हुई संपन्न

**कौशांबी।** नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में दिनांक 28/09/2024 को नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभासदों द्वारा शासन के उ०प्र० नगर पालिका भवन या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर नियमावली-2024 के सम्बन्ध में भवन कर वार्षिक 10 प्रतिशत मूल्य पर, जलकर पर 7.5 प्रतिशत की दर से कर लगाने का प्रस्ताव पास किया है। साथ ही निकाय की आय बढाने हेतु निर्धारित मदों पर चर्चा की गयी। वर्तमान में सरकार का निकाय की आय बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। यदि निकाय अपने आय के श्रोत नही बढायेगी तो सरकार की ओर मिलने वाली ग्रांट/अनुदान में समय के साथ कटौती की जायेगी। निकाय में पूर्व बैठक में चयनित वार्ड नं0 8 गाँधीनगर में वाहन स्टैण्ड की भूमि को ए०आर०टी०ओ० कौशाम्बी द्वारा अपने निरीक्षण में अनउपयुक्त बताया गया। इसलिए जी०टी० रोड वार्ड नं0 4 पशु अस्पताल के पास अस्थाई टैक्सी स्टैण्ड बनाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया जिससे भोला चौराहा पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिल सके।

## सम्पादकीय

# सवालों के घेरे में दो एनकाउंटर

**उत्तर** प्रदेश और महाराष्ट्र में हुए दो एनकाउंटर सवालों के घेरे में इसलिये आ गये हैं क्योंकि दोनों को लेकर गहरा शक किया जा रहा है कि ये फर्जी हैं। कुछ आगे-पीछे हुए ये दोनों एनकाउंटर जिस तरीके से हुए हैं वे दोनों ही गहन जांच की जरूरत बतलाते हैं- चाहे वे दो अलग-अलग राज्यों में ही क्यों न हुए हों। संयोग यह भी है कि दोनों ऐसे राज्य हैं जहां एनकाउंटर संस्कृति पनपती रही हैं और दोनों राज्यों में इसका लम्बा इतिहास रहा है।

उप्र के सुलतानपुर में हुई डकैती कांड मामले में अनुज प्रताप सिंह का एनकाउंटर हुआ है। वहीं महाराष्ट्र में अक्षय शिंदे नामक उस शख्स का एनकाउंटर हुआ है जिस पर बदलापुर के एक स्कूल में मासूम बच्चियों के साथ यौन शोषण का आरोप था। उसे तलोजा जेल से ले जाया जा रहा था। पुलिस का दावा है कि उसने पुलिस की गाड़ी में एक पुलिस इंस्पेक्टर से रिवाल्वर छीन ली और उन पर फायरिंग कर दी। इसमें तीन पुलिस वाले घायल हो गये। उसे नियंत्रित करने के लिये पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पड़ी जिससे वह मारा गया।

दोनों ही एनकाउंटर कई कारणों से संदिग्ध माने जा रहे हैं। संयोगवश, दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जिनका एनकाउंटरों के प्रति अनुराग सर्वज्ञात है। सांसद एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त को सुलतानपुर के ठठेरी बाजार में भरत सोनी की ज्वेलरी शॉप में 5 लोगों ने डकैती की थी जिनमें अनुज भी शामिल था। यह ईनामी बदमाश था जिस पर एक लाख रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था।

पुलिस के अनुसार अनुज एवं उसका एक साथी उन्नाव जिले के अचलगंज इलाके से जा रहे थे। लखनऊ एसटीएफ को इसकी सूचना मिली थी। इस मुठभेड़ में अनुज मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल अनुज को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। वैसे बता दें कि इसके पहले इसी डकैती में शामिल दो और लोगों के साथ एसटीएफ की मुठभेड़ हुई थी। उसमें मंगेश यादव नामक आरोपी की मौत हो गयी थी। एक और आरोपी अजय यादव के पैर में गोली लगी थी जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मंगेश के एनकाउंटर पर भी अखिलेश ने सवाल उठाये थे।

दूसरी ओर महाराष्ट्र में हुए एनकाउंटर की निंदा नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले समेत कई नेताओं ने करते हुए इस पर गहन संदेह व्यक्त किया है। सुप्रिया के अनुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था का पूरी तरह से ठप हो जाना ही यह एनकाउंटर दशार्ता है। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने इसे 'प्रदेश के लिये काला दिन' निरूपित किया है।

उन्होंने कहा है कि अब उन्हें यकीन नहीं रह गया है कि इस कांड के सही आरोपियों तक कभी भी पुलिस पहुंच पायेगी। शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरे ने भी इसी तरह के आरोप लगाये हैं। पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने पूछा है।

# हमारी विदेश नीति पर गंभीर सवाल

**जनता दो मुख्य पार्टियों की सरकारों की विफलता के बाद सदा हाशिए पर रही इस कम्युनिष्ट पार्टी को जिताने के मूड में आ गई थी क्योंकि अनुरा कि जनोन्मुख राजनीति और आर्थिक नीतियों की बातें उनको लुभा रही थी**

– अरविन्द मोहन

**अनुरा** दिसानायके की जीत की संभावना काफी समय से दिखने लगी थी। जनता दो मुख्य पार्टियों की सरकारों की विफलता के बाद सदा हाशिए पर रही इस कम्युनिष्ट पार्टी को जिताने के मूड में आ गई थी क्योंकि अनुरा कि जनोन्मुख राजनीति और आर्थिक नीतियों की बातें उनको लुभा रही थी। इस बीच अनुरा और उनकी पार्टी ने अपना कम्युनिष्ट चोगा भी उतारा और वाम रुझान भर की बातें करने लगे थे।

यह सही है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में वामपंथी और उग्र राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ आग उगलने वाले अनुरा दिसानायके के जीतने की संभावनाएं साफ होने के साथ ही भारत सरकार ने उन्हें दिल्ली आने का न्यौता दिया था और तब विदेश मंत्री जयशंकर समेत कई प्रमुख लोगों के साथ उनकी बातचीत हुई थी। लेकिन इसी बातचीत से उनके तेवर बदले और चुनाव में उन्होंने जनता विमुक्ति पेरामुना वाले पुराने तेवर बदले और कुछ नई बातें कहीं यह दावा नहीं किया जा सकता। भारत ने श्रीलंका के सबसे भीषण आर्थिक संकट के समय 2020 में जो आर्थिक मदद दी थी उससे श्रीलंकाई लोगों के बीच भारत का गुडविल काफी अच्छा है। और फिर भारत ने चीन की तरह श्रीलंका को मदद के नाम पर उसका कोई सैनिक बंदरगाह नहीं हथियाया। लेकिन अनुरा ने चीन समर्थन और भारत के सहयोग से चलाने वाली अकी योजनाओं और संधियों का विरोध जारी रखा। अभी भी अदानी समूह वहां एक विशाल सोलर पावर प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। अनुरा के आने से उस पर संकट के बादल न भी लटके हों पर कई तरह के संशय तो पैदा हो ही गए हैं। अनुरा इस बिजली परियोजना की संधि को रद्द करने की बात करते रहे हैं।

जैसा पहले कहा गया है अनुरा दिसानायके की जीत की संभावना काफी समय से दिखने लगी थी। जनता दो मुख्य पार्टियों की सरकारों की विफलता के बाद सदा हाशिए पर रही इस कम्युनिष्ट पार्टी को जिताने के मूड में आ गई थी क्योंकि अनुरा की जनोन्मुख राजनीति और आर्थिक नीतियों की बातें उनको लुभा रही थी। इस बीच अनुरा और उनकी पार्टी ने अपना कम्युनिस्ट चोगा भी उतारा और वाम रुझान भर की बातें करने लगे थे। उनका चीन प्रेम किसी से छुपा नहीं है और चुनाव जीतकर भी उन्होंने जो बदला तेवर दिखाया उसमें भारत से बिगाड़ की बात न थी लेकिन चीन से प्रेम की बात थी।



यह उल्लेखनीय है कि श्रीलंका के सारे बंदरगाहों के कामकाज में भारत का समर्थन उपयोगी रहा है और यही कारण है कि पिछली सरकार ने अदानी समूह और अमेरिका के सरकारी अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम के साथ मिलकर 55.3 करोड़ डालर की विकास परियोजना शुरू की थी। अनुरा इसे भी बंद कराने की धमकी देते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जब यह समझौता होने को था तब नई दिल्ली में तैनात एक श्रीलंकाई राजनयिक ने खबर फैलाई कि इसमे अदाली समूह को शामिल करने का दबाव था तो उनको तुरंत दिल्ली से वापस बुलाया लिया गया। अब वे किस दिशा में बढ़ते हैं इस पर सबकी नजर होगी। वैसे वे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा दी गई सशर्त सहायता पर भी पुनर्विचार करने की बात कर रहे हैं।

अब यह अलग बात है कि अनुरा ने अभी राष्ट्रपति का चुनाव जीता है और श्रीलंकाई शासन व्यवस्था के हिसाब से संसद का चुनाव और प्रधानमंत्री की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। संभव है वे जल्दी से संसद भंग कराके नए चुनाव की पहल करें लेकिन अभी भी उनकी नेशनल पीपुल्स पार्टी आसानी से चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं लगती। पर अब यह श्रीलंकाई सरकार नई होगी और अनुरा सबसे प्रभावी तो रहेंगे ही। इसमें वे पुराने अनुभवों और भौगोलिक बाध्यताओं के चलते अपने भारत विरोधी तेवर में कुछ कमी लाएं लेकिन यह चीन के प्रति झुकी सरकार होगी। श्रीलंका से भी ज्यादा गहरे जुड़ाव वाले देश नेपाल में हुआ सत्ता परिवर्त्तन भी चीन के ज्यादा अनुकूल है। भारत से रिश्ते बिगाड़ने में अनुभवी के पी ओली की अगुवाई वाली सरकार वहां है। और भारत ने लगातार नेपाल को लेकर जो नीतियां चलाई हैं उनसे नेपाल निरंतर हमसे दूर हुआ है। पिछले चार साल से भारतीय सेना में गुरखा जवानों की भर्ती रुकी पड़ी है जबकि वे हमारी सेना का अभिन्न अंग माने जाते हैं. और फौज के जवान और अवकाशप्राप्त हजारों जवान और उनके परिवार जमीनी स्तर पर भारत-नेपाल रिश्तों की जड़ें मजबूत करते है।

कहानी सिर्फ नेपाल और श्रीलंका की नहीं है। बांग्लादेश से तनातनी इस स्तर पर है कि अदानी समूह का दुमका स्थित बिजलीघर अपनी बिजली कहां बेचे यह समझ नहीं पा रहा है। बांग्लादेश की नई सरकार उसके साथ हुए पावर पर्चेज संधि पर पुनर्विचार की बात कर रही है। और हमारे गृह मंत्री समेत सारे भाजपाई चीजों को सुलझाने की जगह झारखंड में चुनाव जीतने के लिए बांग्लादेश से घुसपैठ को लेकर इतने तरह की बातें कर रहा है कि कोई भी स्वाभिमानी देश भड़केगा और बांग्लादेश भी आपत्ति कर रहा है। झारखंड बनने के बाद से अभी तक सबसे ज्यादा समय तक भाजपा का शासन रहा है लेकिन चुनाव में हिन्दू-मुसलमान ध्रुवीकरण कराने के लिए पूरी भाजपा घुसपैठ का मसाला तेजी से उठा रही है। बांग्लादेश की नई सरकार ने अभी तक कोई भारत विरोधी कदम नहीं उठाया है लेकिन हमारी सरकार ने शेख हसीना से ऐसा स्नेह दिखाया है कि जमाते इस्लामी जैसे पाकिस्तान समर्थक समूहों को भी बल मिला है। बेगम खालिदा जिया भी सत्ता हड़पने की ताक में हैं। कल क्या होगा यह कहना मुश्किल है लेकिन इतना कहने में हर्ज नहीं है कि कल आज की तुलना में ज्यादा भारत विरोधी हवा होगी। हमारे मुखिया दुनिया की समस्याएं सुलझाने का दावा करते हैं लेकिन पड़ोस से रिश्ते सामान्य और मित्रवत रखने में उनको दिक्कत है।

उनके समर्थक मालदीव के 'रास्ते पर आनेइ की बात को उनकी सफलता मानते है। अब मालदीव जैसे नन्हे और पूरी तरह भारत से घिरे और जुड़े देश में अगर कोई भारत विरोधी सरकार आ जाती है तो अपनी नीतियों पर पुनर्विचार किए और नई सरकार से मतभेद सुलझाने की दोस्ताना कोशिश की जगह धमकी से मसला सुलझाना समझदारी नहीं है। मणिपुर के कबायली झगड़े को आपने उलझाया है और सुलझाने की कोई सार्थक कोशिश अभी तक नहीं की गई है लेकिन दोष म्यांमार को देने का शोर मचा रहा है। यह एक और देश को दुश्मन बनाने की तैयारी है। अब अफगानिस्तान में पुरानी लाख कोशिशों पर किस तरह पानी फिरने दिया गया है और पाकिस्तान से क्या कुछ चलता रहा है यह गिनवाने पर तो सरकार की पूरी विदेश नीति ही सवालों के घेरे में आ जाएगी। और फिर इस सुगबुगाहट का कोई मतलब नहीं रहेगा कि हमें सिंधु जल बंटवारे की संधि पर पुनर्विचार करना है क्योंकि तीनों प्रमुख उत्तरी नदियों का 75 फीसदी पाकिस्तान को मिल रहा है और हमें अब यह नुकसान बर्दाश्त करना मुश्किल हों रहा है। साझा इतिहास, संस्कृति, हवा, पानी, बरसात, सर्दी, गरमी तक का साझा रखने वाले पड़ोसियों से कैसे रिश्ते रखने चाहिए यह सीखना हों तो पता नहीं कहां जाएं लेकिन कैसे सारे पड़ोसियों से बैर बना लेना हों तो यह चीज मोदी सरकार से सीख सकते हैं।

# बीमार चीनी अर्थव्यवस्था को केंद्रीय बैंक से मिला भारी प्रोत्साहन

– अंजन रॉय

**चीनी बच**तकताओं का अधिकांश पैसा आवास निवेश में चला गया था, और जमीन-जायदाद का धंधा करने वाली कंपनियों के बंद होने तथा अधूरे और बिना बिके नये घरों के बड़े स्टॉक ने घरों की कीमतों को कम कर दिया है। लोगों की बचत को झटका लगा है और बढ़ते आवास बाजार का धन प्रभाव गायब हो गया है। इसने उपभोक्ता भावनाओं को बुरी तरह प्रभावित किया है।

चीनी अर्थव्यवस्था में लगातार 23 महीनों से अपस्फीति देखी जा रही है- यानी, कीमतें वास्तविक समय में गिर रही हैं। इसने वास्तव में चीनी राजनीतिक आकाओं की चिंताएं बढ़ा दी हैं, जो मंगलवार को चीन के केंद्रीय बैंक के कदम में परिलक्षित हुई।


केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा देखी गयी अब तक की सबसे बड़ी नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की। चीनी केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के लिए आरक्षित आवश्यकताओं को कम करके अतिरिक्त तरलता की बड़ी खुराक भी जारी की है। इसके अतिरिक्त, घर खरीदारों को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा बंधकों की दरों में कटौती की गयी है।

लेकिन इस तरह की फैक्टरी गेटडिफ्लेशन (अपस्फीति) अर्थव्यवस्था में कुछ संरचनात्मक कठोरताओं को दशार्ती है, जिसके बारे में अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ब्याज दर में कटौती या तरलता के प्रवाह जैसे केवल मौद्रिक नीति उपकरणों से शायद ही लड़ा जा सकता है। आंकड़े रोजगार के रुझान और संभावनाओं में भी थोड़ा सुधार दिखा रहे हैं।

चीनी अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्वस्थता इतनी गहरी और व्यापक है कि इसे केवल कुछ वित्तीय प्रोत्साहनों से संबोधित नहीं किया जा सकता है। वास्तविक अर्थव्यवस्था में कुछ अंतर्निहित कठोरताओं और असंतुलनों को वित्तीय अर्थव्यवस्था में तरलता और ब्याज कटौती की खुराक के साथ संबोधित किया जा रहा है।

चीनी अर्थव्यवस्था में तीन बुनियादी समस्याएं थीं। सबसे पहले, चीन हाल ही में क्षमता निर्माण के लिए भारी मात्रा में निवेश के माध्यम से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर निर्भर था। बड़े निवेशों ने विशाल अधिशेष क्षमता का निर्माण किया है, जिसे घरेलू अर्थव्यवस्था शायद ही पूरा कर सके।

दूसरा, चीनी नीति निमार्ता अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन के लिए आवास उद्योग पर बहुत अधिक निर्भर थे। घर की खरीद और इमारतों ने बड़े शहरों का निर्माण किया, जो अब सबसे ऊंचे शहर दिखते हैं। आवास क्षेत्र में मंदी आ गयी है क्योंकि बड़े संपत्ति डेवलपर दिवालिया हो गये हैं तथा खरीदारों को घर देने



में विफल रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने पूरी तरह से भुगतान किया है।

चीनी बचतकताओं का अधिकांश पैसा आवास निवेश में चला गया था, और जमीन-जायदाद का धंधा करने वाली कंपनियों के बंद होने तथा अधूरे और बिना बिके नये घरों के बड़े स्टॉक ने घरों की कीमतों को कम कर दिया है। लोगों की बचत को झटका लगा है और बढ़ते आवास बाजार का धन प्रभाव गायब हो गया है। इसने उपभोक्ता भावनाओं को बुरी तरह प्रभावित किया है।

यहां हम चीनी अर्थव्यवस्था में मौजूदा गिरावट के तीसरे कारक पर आते हैं। मूल समस्या यह है कि उपभोक्ता में उत्साह कम है और गिरती कीमतों के साथ, उपभोक्ता नये घर या यहां तक कि महंगे उपभोक्ता टिकाऊ सामान खरीदने जैसी बड़ी खरीद प्रतिबद्धताओं को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। पहले के दिनों में चीनी अधिकारियों ने अत्यधिक गर्म बाजार को ठंडा करने के लिए घर खरीदने पर कई प्रतिबंध लगाये थे। अब ये प्रतिबंध उलटे पड़ गये हैं।

इसके अलावा, हाल ही में व्यापक नीतिगत बदलाव किये गये थे जब सुरक्षा संबंधी चिंताएं आर्थिक मुद्दों पर हावी हो गई थीं। समग्र नीतिगत ढांचे में इस तरह के बदलाव अब प्रभावी हो रहे हैं और अर्थव्यवस्था नरम पड़ रही है।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों पर लगातार नीतिगत उलटफेर और सख्ती, उच्च उड़ान वाले बैंकरों और वित्तीय संस्थानों पर हमले, कॉरपोरेट्स में कम्युनिस्ट पार्टी का भारी हस्तक्षेप, इन सभी ने मिलकर चीनी बाजारों और प्रमुख खिलाड़ियों की भावनाओं को निराश किया है।

अब जबकि अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है, चीनी केंद्रीय बैंक से लेकर प्रतिभूति प्राधिकरण जैसे विभिन्न नीति निकाय आर्थिक गिरावट और मंद होते उपभोक्ता उत्साह से निपटने के लिए कार्रवाई में जुट गये हैं।

चीनी केंद्रीय बैंक - पीबीओसी- ने कीमतों में और गिरावट को रोकने और उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को 10 खरब येन (142अरब डॉलर के बराबर) का भारी प्रोत्साहन पेश किया था। प्रोत्साहन पैकेज चीनी छुट्टियों के मौसम के दौरान सामने आया है।

देश के आर्थिक अधिकारी चिंतित हैं कि सरकार का घोषित जीडीपी विकास लक्ष्य इस साल पूरा नहीं हो सकता है क्योंकि साल में केवल तीन महीने बचे हैं। चीनी अधिकारियों ने वर्ष के लिए 5 प्रतिशत विकास लक्ष्य निर्धारित किया था।

अब समस्या आपूर्ति की अधिकता की है। लगातार नीतिगत ढांचे ने निवेश और क्षमता निर्माण पर भरोसा किया है जिससे अर्थव्यवस्था की क्षमता से अधिक क्षमता और आवास स्टॉक उत्पन्न हुए हैं। समग्र नीति लगातार बढ़ते आवास बाजार और स्थानीय अधिकारियों द्वारा अपने बजट को निधि देने के लिए भूमि की बिक्री पर निर्भर हो गयी थी।

लेकिन ऐसी नीतियों के मदद कर सकने की सीमाएं हैं। पिछले कुछ समय से, चीनी आर्थिक नीति निमार्ताओं ने आवास बाजारों की मदद करने की कोशिश की थी। लेकिन ये काम नहीं कर रहे हैं और आवास स्टॉक अभी भी बड़े हैं।

नीति हस्तक्षेप का दूसरा चरण शेयर बाजारों को ऊपर उठाना रहा है। शेयर फिलहाल कुछ हद तक ऊपर हैं। लेकिन बाजार के खिलाड़ियों को डर है कि वास्तविक अर्थव्यवस्था में वास्तविक समय में सुधार के अभाव में शेयर एक बार फिर से गिर सकते हैं।

रेपो दरों जैसी नीतिगत दरों में लगातार कटौती ने वित्तीय प्रणाली में लगभग 180 खरब युआन जारी किये हैं। इससे उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ वित्तीय बाजारों पर भी अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद है। अभी किसी चीज की कोई गारंटी नहीं है। विदेशी मुद्रा बाजार ने पहले ही प्रतिक्रिया व्यक्त की है और युआन डॉलर के मुकाबले अपने उच्चतम हाल के स्तरों पर पहुंच गया है। लेकिन केवल ये परिवर्तन समग्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा नहीं दे सकते हैं और इसे मंदी से बाहर नहीं ला सकते हैं।

# ' आ तो सुरगां नै सरमावै, ई पर देव रमण नै आवै,

**सुनील कुमार महला**

' आ तो सुरगां नै सरमावै, ईं पर देव रमण नै आवै,
ईं रो जस नर नारी गावै, धरती धोरां री !
रज कण कण नै चमकावै, चन्दो इमरत रस बरसावै,
तारा निछरावळ कर ज्यावै, धरती धोरां री !
काळा बादळिया घहरावै, बिरखा घूघरिया घमकावै,
बिजळी डरती ओला खावै, धरती धोरां री !
लुळ लुळ बाजरियो लैरावै, मकी झालो देक्षर बुलावै,
कुदरत दोन्यूं हाथ लुटावै, धरती धोरां री !'

जब जब यह अमर गीत कहीं पर भी गूंजता है तो हर किसी के पैर इस गीत पर थिरकने लगते हैं और बरबस ही हमें याद आ जाती है राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार कन्हैयालाल सेठिया जी की। सच ही कहा है किसी ने कि अमर होने के लिए अधिक लिखने की जरूरत नहीं है। बहुत कम ही लोगों को यह जानकारी होगी कि सेठिया जी की प्रसिद्ध कविता धरती धोरा पर अन्?तरराष्?ट्रीय ख्?याती प्राप्?त फिल्?म निमार्ता गौतम घोष द्वारा ह्ललैंड आफ द सैंड ड्यून्सह्व शीर्षक से वृतचित्र का निर्माण किया गया जिसको भारत सरकार द्वारा स्?वर्णकमल पुरस्?कार से सम्?मानित किया गया था। कहना गलत नहीं होगा कि अधिक लिखने की बजाय कम लिखकर भी अमरता को प्राप्त किया जा सकता है और सेठिया जी ने साहित्य के क्षेत्र में यह अमरता प्राप्त की है। जानकारी देना चाहूंगा कि श्री कन्हैयालाल सेठिया, जिन्हें राजस्थानी का भीष्म पितामह भी कहा जाता है, राजस्थान के इतिहास में एक बहुत ही जाना-माना नाम है। आप राजस्थानी भाषा के बहुत ही प्रसिद्ध कवि रहे हैं। अपने अनूठे, जोरदार व दमदार साहित्य सर्जन से आपने अन्य साहित्यकारों के समक्ष यह साबित कर दिखाया कि आप केवल और केवल राजस्थानी कवि नहीं थे, बल्कि पूरे देश के कवि हैं। आपका जन्म 11 सितंबर 1919 को राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ कस्बे में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आपने राष्ट्रवादी काव्य की रचना कर राजस्थानी साहित्य के क्षेत्र में एक अनूठी छाप छोड़ी। आपकी कृति 'लीलटांस' ने आपको साहित्य की दुनिया में स्थापित किया। 1976 ई. में आपको राजस्थानी काव्यकृति 'लीलटांस' के लिए साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा राजस्थानी भाषा की सर्वश्रेष्ठ कृति के नाते पुरस्कृत किया गया था।'लीलटांस' के अलावा उनकी कुछ प्रमुख कृतियों में क्रमशः रमणियां रा सोरठा, गळगचिया, मींझर, कूंकंऊ, धर कूंचा धर मंजळां, मायड़ रो हेलो, सबद, सतवाणी, अघरीकाळ, दीठ, कक्को कोड रो, लीकलकोळिया एवं हेमाणी शामिल हैं। राजस्थानी के अलावा उन्होंने हिंदी, उर्दू में भी काम किया। उर्दू में ताजमहल एवं गुलचीं, हिंदी में वनफूल, अग्णिवीणा, मेरा युग, दीप किरण, प्रतिबिम्ब, आज हिमालय बोला, खुली खिड़कियां चौड़े रास्ते, प्रणाम, मर्म, अनाम, निर्ग्रन्थ, स्वागत, देह-विदेह, आकाशा गंगा, वामन विराट, श्रेयस, निष्पति एवं त्रयी तथा राजस्थानी भाषा में रमणियां रा सोरठा, गळगचिया, मींझर, कूंकंऊ, धर कूंचा धर मंजळां, मायड़ रो हेलो, सबद, सतवाणी, अघरीकाळ, दीठ, क क्को कोड रो, लीकलकोळिया , हेमाणी ,पिथल और पाथल,जमीन रो धनी कुन, धरती धोरा री प्रमुख हैं।आपकी शिक्षा कोलकाता विश्वविद्यालय, स्काटिश चर्च कालेज में हुई थी। 2005 ई में आपको राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि प्रदत्त की गई। इसी ईस्वी में आपको राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता चेप्टर द्वारा 'प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार' से सम्मानित भी किया गया। 2004 ई में आपको राजस्थानी भाषा संस्कृति एवं साहित्य अकादमी बीकानेर द्वारा राजस्थानी भाषा की उन्नति में योगदान हेतु सर्वोच्च सम्मान 'पृथ्वीराज राठौड़ पुरस्कारै से सम्मानित किया गया था। 1992 में आपको राजस्थान सरकार द्वारा 'स्वतन्त्रता सेनानौ का ताम्रपत्र, 1988 में हिन्दी काव्यकृति 'निर्ग्रन्थ' पर भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली द्वारा 'मूर्तिदेवी साहित्य पुरस्कारै, 1987 ई में राजस्थानी काव्यकृति 'सबदै पर राजस्थानी अकादमी का सर्वोच्च 'सूर्यमल मिश्रण शिखर पुरस्कार, 1984 में राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा अपनी सर्वोच्च उपाधि 'साहित्य मनीषौ, 1983 में राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा सर्वोच्च सम्मान 'साहित्य मनीषौ की उपाधि से अलंकृत करने के अलावा साहित्य के क्षेत्र में अनेक पुरस्कारों व उपाधियों से नवाजा गया। इतना ही नहीं,

राजस्थानी कविता के सम्राट सेठिया को मृत्युप्रांत 31 मार्च 2012 को राजस्थान रत्न सम्मान देने की घोषणा की। आपके पिता का नाम स्वर्गीय छगनमलजी सेठिया एवं माता का नाम मनोहरी देवी था। आपका विवाह 1937 ईस्वी में श्रीमती धापू देवी के साथ हुआ था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आपको पद्मश्री, साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा 1988 में ज्ञानपीठ के मूर्तिदेवी साहित्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। आप एक रचनाकार ही नहीं बल्कि एक सच्चे स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता, सुधारक, परोपकारी और पर्यावरणविद भी थे। 'पाथल और पीथल' भी इनकी ही महाराणा प्रताप पर वीर रस की एक लोकप्रिय व अत्यंत प्रसिद्ध रचना है। कुछ पंक्तियां देखिए -अरे घास री रोटी ही जद बन बिलावड़ो ले भाग्यो। नान्हो सो अमरयो चीख पड्यो राणा रो सोयो दुख जाग्यो। हूं लड्यो घणो हूं सह्यो घणो मेवाड़ी मान बचावण नै,

हूं पाछ नहीं राखी रण में बैयां री खात खिडावण में,जद याद करूँ हळदीघाटी नैणां में रगत उतर आवै,सुख दुख रो साथी चेतकड़ो सूती सी हूक जगा ज्यावै,पण आज बिलखतो देखूं हूँ जद राज कंवर नै रोटी नै,तो क्षात्र-धरम नै भूलूं हूँ ,भूलूं हिंदवाणी चोटी नै...!' पाठकों को बताता चलूं कि सेठिया जी राष्ट्र पिता गांधीजी से बड़े प्रभावित थे। जानकारी मिलती है कि उन्हीं के प्रभाव से वे खादी के वस्त्र धारण करते थे, दलित उद्धार के कार्य करते थे

तथा राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत रचनाएं लिखा करते थे। इनकी रचना 'अग्निवीणा' तो अंग्रेजी हुकूमत को ललकार थी, जिसके कारण उन पर राजद्रोह का केस भी लग गया था तथा इसके कारण इन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

## डीएम ने जिला अस्पताल में गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी, सीएमएस को दी चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने संयुक्त जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान डीएम ने अस्पताल की अव्यवस्थाओं व परिसर में फैली गंदगी पर गहरी नाराजगी जताई। सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव को तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिये।

शनिवार को डीएम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से



आस्पतल में निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

निरीक्षण किया। डॉक्टरों की उपस्थिति पंजिका, इमरजेंसी वार्ड, महिला-पुरुष वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, एक्स-रे रूम, सिटी स्कैन, और दवा वितरण कक्ष देखा। निरीक्षण दौरान नवनिर्मित 32 बेड की हाई डिपेंडेंसी यूनिट की बिल्डिंग में छत से पानी टपकने की शिकायत सामने आई। इस पर डीएम ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये।

इसके अलावा अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में ताला बंद मिलने पर असंतोष जाहिर किया। संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम के औचक निरीक्षण बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

### तीन हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस हुई धर्मनगरी

**चित्रकूट।** जिले में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने तीन हजार अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगवा दिये हैं, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। शनिवार को चित्रकूटधाम मंडल के डीआईजी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले के हर थाने, चैराहे पर कैमरे लगाये गये हैं। किसी भी घटना पर नजर रखी जा सकेगी। ये अपराधियों पर नजर रखने व सुरक्षा के लिहाज से बड़ा कदम है। सदर व मऊ-मानिकपुर के विधायक ने अपनी निधि से इस काम में सहयोग दिया। अपराध पर काबू के साथ श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों की सुरक्षा होगी। चित्रकूट धार्मिक महत्व नहीं, बल्कि बेहतर सुरक्षा को भी जाना जाएगा। शहर के प्रमुख चैराहों, रामघाट, मठ-मंदिरो जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर कैमरे लगाये गये हैं। कैमरों को यातायात कार्यालय कमांड कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। पुलिस मुख्यालय के बजट के साथ विधायक अनिल प्रधान व अविनाश चंद्र द्विवेदी ने अपनी निधि से भी योगदान दिया है।

## एसपी ने मारकुण्डी थाने का किया निरीक्षण

### फरियादियों की सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना मारकुण्ड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात आदि का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक मारकुण्ड़ी को निर्देश दिये।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने थाना समाधान दिवस के मौके पर आये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण बाबत सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। भूमि विवाद से



निरीक्षण करते एसपी।

सम्बन्धित मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मारकुण्ड़ी शिवआसरे, पीआरओ प्रवीण सिह, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## आकाशीय बिजली से दो की मौत, एक घायल, छह बकरियां भी मरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाना क्षेत्र के बरद्वारा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुजुर्ग झुलस गया। वह बकरी चराने को घर से निकला था। इलाज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। बिजली की चपेट में उसकी छह बकरियां भी मर गईं।

शुक्रवार शाम साढे चार बजे गज्जू प्रजापति पुत्र स्व बुत्ता प्रजापति गांव से कुछ दूर बकरियों को चरा



मृतक की फाइल फोटो।

रहा था। अचानक तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली से गज्जू झुलस गया। परिजन राजापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। गंभीर हालत के चलते सोनेपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। वहीं गज्जू की छह बकरियां भी मर गई है।

इसी क्रम में शनिवार की दोपहर करौंदी खुर्द गांव की रज्जू देवी की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं उसके साथ गांव की मुन्नी देवी भी झुलस गई है।

### 20 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा सुरेश प्रताप सिंह ने सिपाही सचिन कुमार यादव के साथ शिवपूजन पुत्र ददुआ कोरी मकरी पहाड़ी को 20 क्वार्टर देशी शराब समेत दबोचा है। उसके खिलाफ पहाड़ी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सम्पन्न

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, जिलाध्यक्ष अपना दल रामसिया पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, भाजपा से हरिओम करवरिया, माकपा जिला सचिव रुद्र प्रताप मिश्रा, आप जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से वेयरहाउस का त्रैमासिक बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने गार्ड रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा। कैमरा संचालित मिला। निरीक्षण दौरान उन्होंने कहा कि बंदरों से सावधान रहें। बंदर सीसीटीवी कैमरा को प्रभावित करें तो तत्काल सही करायें। सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि सुरक्षा की चाक चैबंद व्यवस्था रहनी चाहिए।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, एक गम्भीर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोहदा पहाडी निमंत्रण जा रहे बाइक सवार शिवपूजन की अज्ञात वाहन से गोसाईपुर गांव के पास सडक हादसे में मौत हो गई। साथ जा रहे आशीष पुत्र धर्मराज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आशीष को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। शिवपूजन की असमय मौत से परिवार में मातम छा गया



मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

है। परिजनों ने बताया कि शिवपूजन की शादी एक साल पहले हुई थी। उनका एक छोटा बच्चा भी है। पत्नी शारदा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में घटना बाद शोक की लहर है। राजापुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि हादसा अज्ञात वाहन से हुआ है। अभी तक वाहन का पता नहीं चला। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## हेडमास्टर पर एमडीएम गबन का आरोप

### 26 कुंतल गेहूं-चावल गायब होने का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के कटैया खादर गांव में संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय पर ग्रामीणों ने मिड-डे-मील के 26 कुंतल गेहूं-चावल गायब करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि खाद्यान्न गांव के कोटेदार के घर के बगल में रहने वाले व्यक्ति के वाहन से उठाकर ले जाया गया है।

वहीं अध्यापकों ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि खाद्यान्न सही मात्रा में आया है। उनके स्कूलों में कोई कमी नहीं है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामबालक सिंह ने इसे अफवाह बताया। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत सिंह ने बताया कि दोनों विद्यालयों का खाद्यान्न आया है। उन्होंने माइनस पर चलने का दावा किया।

समाजसेवी सुनील पांडेय व अन्य ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। भाजपा नेता/अधिवक्ता अंकित शुक्ला ने कहा कि इतने सैकड़ों ग्रामीणों की बात झूंठी नहीं हो सकती, इसलिए जांच आवश्यक है। बीईओ एनपी सिंह ने मामले की जानकारी न होने की बात कही। आश्वासन दिया कि आरोप सही मिले तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम-एसपी ने नवरात्रि, दशहरा व अमावस्या पर्व बाबत की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में नवरात्रि, दशहरा व अमावस्या पर्व के आयोजन को शान्ति समिति की बैठक हुई।

शनिवार को डीएम ने त्योहारों में नियमित विद्युत आपूर्ति करने को कहा। बिजली के तार लटक रहे हैं, उसे सही करायें। जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा पर्व पर जलापूर्ति रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकरों से जलापूर्ति करें। नगर पालिका, नगर पंचायत के



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी।

अधिशासी अधिकारियों को साफ-सफाई, चूने का छिडकाव को कहा। विसर्जन स्थल पर उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को भ्रमण के निर्देश दिये। गहराई वाले स्थलों पर बैरिकेडिंग व नाव तथा गोताखोर की व्यवस्था को कहा। अग्निशमन को यथासंभव स्थान पर व्यवस्था को कहा। त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनायें। किसी की भावनाओं को आहत न होने दें। गाइडलाइन अनुसार पंडालों व मूर्ति विसर्जन होनी चाहिए। मूर्ति विसर्जन तालाबों में होना चाहिए। किसी प्रकार की समस्या होने पर यथाशीघ्र उच्च अधिकारियों को बतायें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बडे पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगायें। महिलाओं, बच्चों व पुरुषों की अलग लाइन दर्शन के लिए लगायें। नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा त्यौहार के अवसर पर निश्चित स्थानों पर देवी प्रतिमायें रोड किनारे न रखें, जिससे कि अनावश्यक समस्या हो। कोई भी अश्लील गाना न बजाये। निर्धारित समय पर ही बंद कर दें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू, मऊ सौरभ यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## पेट्रोल-डीजल के दाम नीचे लाओ, टोल-टैक्स बढ़ाने से बाज आओः अमित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का अमित यादव ने टोल टैक्स बढाने के सरकार के इरादे पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आम जनता, मेहनतकश समुदाय व शोषित-वंचितों के हितों की पहरेदार होने के नाते भाकपा केन्द्र सरकार से मांग करती है कि वह पेट्रोल-डीजल के दामों में तत्काल पर्याप्त कमी लाये। फिर से टोल-टैक्स बढ़ाने की योजना को रद्द करें। बहुसंख्य जनता के जीवन स्तर में भारी गिरावट आएगी।

इन दिनों कच्चे तेल के दाम 84 डालर प्रति बैरल से घट कर 71.31 डालर प्रति बैरल हो गये हैं। कच्चे तेल की कीमतों में 12 प्रतिशत की कमी आयी है। परिणाम स्वरूप मार्च से लेकर अब तक पेट्रोल कंपनियों का मुनाफा पेट्रोल पर 15 रुपए लीटर हो गया है तो डीजल पर 12 रुपये लीटर बढ़ चुका है। सरकार को इस साल 60,000 करोड़ रुपए अतिरिक्त बच सकते हैं। बावजूद इसके टोल टैक्स बढ़ाने की साजिश रची जा रही है। वाहनों व ईंधन पर दर्जन भर टैक्स वसूल कर उस धन से बनाई जाने वाली सड़को पर टोल टैक्स वसूलने की अवधारणा ही गलत है, फिर भी सरकार इसे निरंतर बढ़ाए जा रही है।

का अमित यादव ने कहा कि पेट्रोल डीजल के महंगे होने से पर्यटन समेत उद्योगों पर भारी असर पडता है। महंगाई बढती है, विकास दर घटती है। मांग किया कि पेट्रोल डीजल के दामों में तत्काल कमी लायी जाये। टोल टैक्स बढ़ाने की योजना को रद्द किया जाये।

## हिन्दी पखवाडा कार्यक्रम में राज कुमार शर्मा व साकेत बिहारी शुक्ला को मिला सम्मान

### हौसला टीम बागपत का रहा प्रमुख योगदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान एनसीईआरटी नई दिल्ली में हिन्दी पखवाडा शिक्षक कवि सम्मेलन के तहत डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिंदी का बढता प्रभाव प्रकरण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो. अमरेन्द्र प्रसाद बेहेरा संयुक्त निदेशक (एनसीईआरटी) तथा डॉ. रवीन्द्र कुमार प्रभारी राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ



शिक्षकों को सम्मानित करते।

तथा प्रो राजेन्द्र पाल विभागाध्यक्ष मीडिया निर्माण प्रभार की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के कई जनपदों तथा अन्य राज्यों से आये शिक्षक कवियों ने अपनी उत्कृष्ट कविताओं को प्रस्तुत कर राजभाषा हिन्दी का गौरव गुणगान किया। राज्यपाल अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित राज कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार क्षेत्र मऊ ने अपनी रचना पर्वत पुरुष और सौरमंडल नवाचारी विज्ञान शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैयाखादर रामनगर ने विज्ञान कविता आविष्कार एवं आविष्कारक व भारत के राष्ट्रीय प्रतीक प्रस्तुत कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गृह मंत्रालय में राजभाषा विभाग के निदेशक जगदीश राज पौरी, डॉ. फारूक अंसारी भाषा शिक्षा विभाग एवं डॉ. रिजवान उल हक सहायक प्रोफेसर एमपीडी सीआईटी, एनसीईआरटी द्वारा दोनों शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में जनपद बागपत की हौसला टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस उपलब्धि के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर एनपी सिंह एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बधाई दी।

## एसपी ने मानिकपुर थाने में फरियादियों की सुनी समस्यायें

### सीओ राजापुर ने शिकायतों के निस्तारण बाबत दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में मानिकपुर थाने में थाना समाधान दिवस में आये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराये।

इस दौरान तहसीलदार मानिकपुर चन्द्रकांत तिवारी, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह,



समस्या सुनते एसपी।

राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन रैपुरा थाने में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल, राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### तीन जुआरी जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचे, 1270 रुपये बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा कृष्णदेव मिश्रा, दीवान मुकेश कुमार, सिपाही लवकुश, अरुण कुमार ने ताश के पत्तो पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते सूरज पुत्र बोरेलाल, अजय पुत्र सुभाष यादव व राजकिशोर पुत्र राजपाल गोसाईपुरवा राजापुर को गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड से 660 रुपये, ताश के 52 पत्ते व जामा तलाशी में 610 रुपये बरामद किये। थाने में जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## भीम आर्मी ने मनाई सरदार भगत सिंह की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में सरदार भगत सिंह की जयंती शनिवार को मनाई गई। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में सरदार भगत सिंह की 117 वी जयंती मऊ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डूडिया माफी के छतैनी गांव में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भीम आर्मी के तहसील मऊ के संयोजक राधेश्याम प्रजापति तथा भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने सरदार भगत सिंह के कठिन जीवन पर चर्चा करते हुए आदिवासी भगवान बिरसा मुंडा के बारे में समाज में व्याख्यात्मक चर्चा की। साथ ही भीम आर्मी के जिला महासचिव एडवोकेट श्रीपाल प्रजापति ने समाज में फैली अशिक्षा व कुरीतियों की जानकारी देते हुए समाज में अपनी बातें रखी। इस मौके पर लक्ष्मण पटेल, कोमल सूर्यवंशी, सोनू दिनकर, रमेश दिनकर आदि मौजूद रहे।

### पेंशन, पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु होने पर कोषागार में करें सूचित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों के मृत्यु की सूचना उनके परिवार के सदस्य, आश्रितों द्वारा सम्बन्धित कोषागार में दिये जाने के सम्बन्ध में निम्नानुसार समाचार पत्रों, कोषागार, तहसील में सूचना पट्ट, अन्य माध्यम से पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर को अवगत कराने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागारों के संज्ञान में आते रहे हैं, जिनमें पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के बाद उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को नहीं दी जाती है, जिसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन, पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। इस सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धितों को सूचित किया है कि इस स्थिति पेंशन, पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल प्रदान की जाये। यह पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनधिकृत है, जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

### सुंदरता व शांत वातावरण का श्रद्धालु लें आनंद

**चित्रकूट।** धर्मनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को मंदाकिनी नदी की सवारी एक अनोखा अनुभव है। मात्र पचास रुपये में सुबह-शाम पर्यटक पवित्र नदी की सुंदरता व शांत वातावरण का आनंद ले सकते हैं। प्रभु श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का महत्व अनमोल है। रामघाट पर स्नान कर श्रद्धालु मां मंदाकिनी का आशीर्वाद प्राप्त कर नाव में बैठकर मंदाकिनी नदी की सैर का आनंद लेते हैं। मंदाकिनी नदी में नाव की सवारी पचास रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क रखा गया है। नाविक होरीलाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को नाव में बिठाकर मंदाकिनी नदी की सुंदरता से रूबरू कराया जाता है। मंदाकिनी नदी की सैर सुबह व शाम के समय नदी किनारे होने वाली आरती व मंदाकिनी की जगमगाती रोशनी के बीच नाव सवारी का अनुभव किसी जादुई दृश्य से कम नहीं होता। शांत-स्वच्छ हवा, मंदाकिनी की ठंडी लहरें, मंदिरों के दर्शन श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी खास बना देती हैं। श्रद्धालुओं को ये सवारी एक यादगार यात्रा का हिस्सा बनती है।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत चित्रकूट की प्रतियोगिता संपन्न

## गुणवत्तापूर्ण हो शिक्षाः वीके शर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के आदेश अनुसार जिले के ब्लाक चित्रकूट में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक के 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही प्रतियोगिता को सफल बनाया।

जिसमें बच्चों का क्विज प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चयन किया गया। इसके बाद 25 बच्चों में पांच बच्चों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक निष्ठा



छात्र को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

लगन एवं ईमानदारी पूर्वक काम करें। साथ ही बच्चों का भविष्य बनाएं। प्राय निरीक्षण में देखा गया कि गुणवत्ता कमजोर है, सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि समय से विद्यालय को निपुण बनाएं। इसमें किसी को किसी भी प्रकार की छूट नहीं है। उन्होंने कहा की शासन की मंशानुरूप मिड डे मील पंजी का छात्र उपस्थित पंजिका अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आज से ही की जाए। शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों को किसी भी प्रकार की पढाई में तथा स्कूल में दिक्कत नहीं आनी चाहिए, हर हाल में बच्चो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें। खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी ने कहा कि विद्यालय समय से निपुण होने चाहिए, जिससे जनपद का नाम प्रदेश में हो। इस मौके पर आरपी दिलीप सिंह, विद्यासागर सिंह, प्रेमचंद शिवहरे, उपेंद्र कुमार शर्मा, सुनील कुमार वर्मा, प्रशांत कुमार, शिव नरेश सिंह, अभिव्या साहू, रामकृष्ण सिंह, शाहिद आदि मौजूद रहे।

# भारत और सऊदी 'वरदान', ईरान 'अभिशाप'...

## नेतन्याहू ने हरे और काले नक्शे से संयुक्त राष्ट्र को बताया

**न्यूयॉर्कः गाजा** और लेबनान पर भीषण हमलों के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना वार्षिक भाषण देने पहुंचे। इजरायली पीएम अपने साथ दो नक्शे लेकर आए थे। नेतन्याहू के दाहिने हाथ में लिए मिडिल ईस्ट के एक नक्शे में ईरान, इराक, सीरिया और यमन को काले रंग में रंगा गया था और इसे 'अभिशाप' बताया गया था। नेतन्याहू के बाएं हाथ में एक और नक्शा था जिसमें मिस्त्र, सूडान, सऊदी अरब और यहां तक कि भारत को भी हरे रंग में दिखाया गया था। इस पर इन देशों को 'वरदान' बताया गया था। इजरायली पीएम के इन दोनों ही नक्शों में अहम बात यह थी कि किसी में भी फलस्तीन नहीं था। विश्लेषकों का कहना है कि इजरायली पीएम ने ईरान के अलावा काले रंग से शापित देशों में केवल उन्हें शामिल किया जो ईरान के प्रभाव वाले हैं।




नेतन्याहू ने यह भी दिखाने की कोशिश की कि भारत ईरानी प्रभाव में नहीं है। साथ ही इजरायल मिस्त्र, सूडान और सऊरी अरब को भी हरे रंग में दिखाया है जो यह बताता है कि इनमें से कुछ देश उसके सहयोगी हैं और कुछ संभावित सहयोगी हैं। ये देश या तो इजरायल के साथ अपने रिश्ते सामान्य कर चुके हैं या फिर सामान्य करने की प्रक्रिया में हैं। अपने भाषण में नेतन्याहू ने ईरान पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह लेबनान, सीरिया और यमन में हिंसा भड़का रहा है।

ईरान पर बरसे नेतन्याहू, सऊदी को बताया दोस्त!

इजरायली पीएम ने यह भी कहा कि ईरान हिज्बुल्लाह को लेबनान में, गाजा में हमास और यमन में हूतियों को वित्तीय और सैन्य मदद दे रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल क्षेत्र में कई मोर्चों पर ईरान समर्थित लड़ाकुओं का सामना करते हुए अपना बचाव कर रहा है। नेतन्याहू ने हरे वाले नक्शे को दिखाते हुए कहा कि यह उनके अरब पार्टनर देश हैं। हम एक लैंड ब्रिज बना रहे हैं जो एशिया को यूरोप से जोड़ेगा। यह हिंद महासागर से होकर भूमध्य सागर तक जाएगा। हम इस ब्रिज के साथ रेललाइन, पाइपलाइन, फाइबर आप्टिक बिछाएंगे जो 2 अरब लोगों को लाभ पहुंचाएगा।

उनका इशारा इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकनॉमकि कॉरिडोर की ओर था जिसको लेकर भारत और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ है। यह कॉरिडोर यूएई, सऊदी अरब के रास्ते इजरायल को जोड़ेगा। नेतन्याहू ने काले वाले नक्शे को दिखाते हुए कहा कि ईरान आर्क ऑफ टेरर बना रहा है जो हिंद महासागर से लेकर भूमध्यसागर तक है। विश्लेषकों का कहना है कि इस नक्शे में नेतन्याहू ने सऊदी अरब को जानबूझकर हरा दिखाया है जो यहूदी देश को मान्यता देने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। अक्टूबर 2023 से पहले सऊदी अरब और इजरायल के बीच अमेरिका के हस्तक्षेप के बाद रिश्तों को सामान्य करने को लेकर सहमति बन गई थी लेकिन इससे घबराए हमास ने इजरायल पर खूनी हमला कर दिया। सऊदी और इजरायल में चल रही बातचीत सऊदी अरब ने अमेरिका के सामने शर्त रखी थी कि वह रक्षा समझौता करेगा। वहीं सऊदी अरब ने इजरायल से कहा था कि वह फलस्तीनी लोगों को छूट दे।

## हसन नसरल्लाह के मरने की खबर सुन इस मुस्लिम देश में मनाया जा रहा जश्न, इजरायल की कामयाबी पर कौन बांट रहा मिठाई?

**तेल अवीवः हिजबुल्लाह** चीफ हसन नसरल्लाह को इजरायल ने एक हमले में ढेर कर दिया। हमले में नसरल्लाह जिंदा है या नहीं इसे लेकर कई घंटों तक अटकलें चलती रहीं। इजरायल के एक अधिकारी ने कहा था कि उन्होंने जो बम मारा है उसमें नसरल्लाह बच ही नहीं पाएगा। शनिवार की दोपहर तक इजरायल ने नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि कर दी। हसन नसरल्लाह के मारे जाने की अपुष्ट खबर सुनकर भी सीरिया के उत्तरी इलाकों में जश्न का माहौल देखा गया। सोशल मीडिया पर जश्न का वीडियो सामने आया, जिसमें सड़कों पर लोग गोलियां बरसा रहे हैं।

दरअसल हिजबुल्लाह शिया मुस्लिमों वाला संगठन है जिसे शिया देश ईरान का समर्थन है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद का साथ हिजबुल्लाह ने उनके खिलाफ



विद्रोह को खत्म करने के लिए दिया था। असद का विरोध करने वाले सीरियाई लोग जिसमें ज्यादातर सुन्नी मुस्लिम हैं वह नसरल्लाह से नफरत करते हैं।

शुक्रवार को इजरायल ने लेबनान के बेरूत शहर में हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर पर हमला किया। इससे जुड़ी खबर आई ही थी कि सीरिया में लोगों ने सड़कों पर जश्न मनाना शुरू कर दिया। लोग मिठाइयां बांटने लगे।

गृहयुद्ध में कूदा था हिजबुल्लाह

हिजबुल्लाह ने सीरिया के युद्ध में राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार को समर्थन दिया था। वह साल 2012 के करीब गृह युद्ध में कूदा था। हिजबुल्लाह के लड़ाकों ने असद शासन को मजबूत करने में मदद की। हिजबुल्लाह का काम जमीनी सेना, मिलिट्री ट्रेनिंग और रसद पहुंचाना था। उसने कई महत्वपूर्ण लड़ाइयां लड़ीं, जिसमें असद को जीत मिली। नसरल्लाह के खिलाफ एयर स्ट्राइक में उसकी बेटी भी मारी गई है।

कहां किया था हमला?

इजरायली सेना के प्रवक्ता प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि एयरफोर्स ने आवासीय इमारतों के नीचे मौजूद हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया।

## नसरल्लाह पर हमले का बदला लेगा ईरान! खामेनेई ने देर रात बुलाई अहम बैठक

**तेहरानः लेबनान** में चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह के नेता नसरल्लाह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले से ईरान तिलमिला गया है। इजरायली हमले के ठीक बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को अपने घर पर ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि बैठक दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह मुख्यालय पर इजरायली हमलों के बाद बुलाई गई थी।

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने इजरायली हमलों की निंदा करते हुए इसे युद्ध अपराध बताया और कहा कि इसने एक बार फिर इस शासन के स्टेट टेररिज्म की प्रकृति को उजागर किया है।

इजरायल ने शुक्रवार को बेरूत में हिजबुल्लाह के मुख्यालय को हवाई हमले में उड़ा दिया था। इजरायल ने कहा है कि हमले के समय हिजबुल्लाह प्रमुख नरसल्लाह इमारत में मौजूद था। नसरल्लाह मारा गया या जिंदा है।

## इजरायल ने खत्म कर दी हिजबुल्लाह की टॉप लीडरशिप


**तेल अवीव/बेरूतः इजरायल** ने हवाई हमले में चरमपंथी संगठन हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को मार दिया है। इजरायली ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हमले में हसन नसरल्लाह के साथ हिजबुल्लाह के कई शीर्ष कमांडर भी मारे गए हैं। नसरल्लाह की हत्या ईरान समर्थित लेबनानी मिलिशिया के लिए बड़ा झटका होगी। नसरल्लाह ने 32 वर्षों तक हिजबुल्लाह का नेतृत्व किया है। आइए जानते हैं कि नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह का क्या होगा।

हाल ही में इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के अधिकांश शीर्ष कमांडर मारे गए हैं। इन हमलों के बाद से संगठन की आंतरिक सुरक्षा पर सवाल उठे हैं, लेकिन नसरल्लाह की जगह लेना इन मौतों की तुलना में समूह के लिए कहीं अधिक बड़ी चुनौती होगी।

हिजबुल्लाह को एक साथ रखने वाला चेहरा

बेरूस में कानेर्गी मिडिल ईस्ट सेंटर के डिप्टी रिसर्च डायरेक्टर मोहनद हेज अली ने नसरल्लाह की मौत की पुष्टि से पहले टाइम्स ऑफ इजरायल को बताया था कि इस हत्या से 'पूरा परिदृश्य बहुत बदल जाएगा।' हेज अली ने कहा कि नसरल्लाह 'एक गोंद की तरह है, जिसने इस विशाल संगठन को एक साथ रखा है।'

हिजबुल्लाह की स्थापना 1980 के दशक में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने की थी। तब से ईरान से इसे ट्रेनिंग से लेकर हथियार तक मुहैया होते रहे हैं। हेज अली ने नसरल्लाह के महत्व को बताते हुए कहा, 'लेबानान के शियाओं के




लिए वह एक महान शख्सियत बन गए थे।' नसरल्लाह ने हिजबुल्लाह की कमान तब संभाली, जब इजरायल ने समूह के पूर्व प्रमुख को मार दिया था। इसके बाद से ही उनके ऊपर लगातार हत्या का खतरा बना हुआ था।

मौत से क्या होगा असर?

लंदन में चैथम हाउसी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एसोसिएट फेलो लीना खतीब का कहना है कि नसरल्लाह की मौत से हिजबुल्लाह खत्म नहीं होगा। लेकिन यह समूह के मनोबल के लिए एक बड़ा झटका होगा। साथ ही इजरायल की सुरक्षा और सैन्य श्रेष्ठता को भी साबित करत है। नसल्लाह की मौत का हिजबुल्लाह की सैन्य क्षमता पर क्या असर होगा, यह भी साफ नहीं है।

## कनाडा में भारतीयों से बदला लेने में लगी टूडो सरकार

**ओट्टावाः कनाडा** में गिरती लोकप्रियता और राजनीतिक संकट का सामना कर रहे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार अब भारतीयों को निशाना बनाने में लगी है। कनाडा की बॉर्डर सिक्योरिटी एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्रिटिश कोलंबिया (इउ) से 950 छात्रों को गिरफ्तार किया है। इनमें अधिकांश भारत के पंजाब से हैं। इन सभी पर आरोप है कि ये स्टूडेंट वीजा पर मंजूर किए गए समय से ज्यादा काम कर रहे थे।

गिरफ्तारी के बाद इन भारतीय छात्रों की कनाडा में स्थायी निवास हासिल करने की संभावना खतरे में पड़ गई है। इसके साथ ही जिन संस्थानों ने इन्हें काम पर रखा था, उनके खिलाफ श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए लाखों डॉलर का जुमार्ना लगाया गया है।

20 घंटे की समय सीमा से ज्यादा काम

टू स्कूप की रिपोर्ट के अनुसार, छात्र वीजा पर कनाडा गए ये भारतीय कथित तौर पर वैध वेतनमान से कम पर काम कर रहे थे। कनाडा सरकार ने हाल ही में नए नियमों को लागू किया है, जिसके तहत छात्र वीजा पर विदेशियों को केवल 20 घंटे काम करने की अनुमति है।



कनाडा में काम के लिए न्यूनतम वेतन 35 कनाडाई डॉलर प्रति घंटा है।

ये भारतीय सप्ताह में 40 घंटे से अधिक काम करते थे, जिसमें केवल 20 घंटे ही वैध थे। बाकी घंटों के लिए उन्हें कम दर पर भुगतान किया जाता था। इस स्थिति भारतीय छात्रों को असुरक्षित स्थिति में डाल दिया।

क्या होगा असर?

कनाडा सरकार ने आप्रवासन को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। ट्रूडो सरकार ने देश में अप्रवासियों की संख्या को घटाने की घोषणा की है।

### भूकंप लाने वाले बम से हिल गया हिजबुल्लाह

**बेरूतः हिजबुल्लाह** के खिलाफ शुक्रवार को इजरायल ने सबसे खतरनाक हमला किया। इजरायली सेना ने बेरूत के दहिह जिले में हिजबुल्लाह के गढ़ को बमों से हिलाकर रख दिया। हमला तब हुआ जब इजरायली प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर रहे थे। एबीसी न्यूज ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि जब हमला हुआ तब हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह अपने कुछ सहयोगियों के साथ बेरूत में था। हालांकि अधिकारी ने यह नहीं बताया कि नसरल्लाह हमले वाली जगह पर था या नहीं।

## इजरायल से छिपकर रहते थे हसन नसरल्लाह? हिजबुल्लाह चीफ का सिर्फ वीडियो आता रहा है सामने

**लेबनानः हिजबुल्लाह** प्रमुख हसन नसरल्लाह लेबनान के सबसे ताकतवर व्यक्ति थे। उनके पास युद्ध शुरू करने या शांति स्थापित करने की ताकत रही है। उनके लाखों फॉलोवर्स हैं, जो एक इशारे पर मरने-मारने के लिए तैयार रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद वह अपने सबसे कट्टर दुश्मन इजरायल की ओर से हत्या से बचने के लिए छिपकर जिंदगी गुजारते रहे। लेकिन शुक्रवार को आखिरकार इजरायली हमलों के चपेट में वह आ गए। हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर इजरायल ने बेरूत में हमला किया। इजरायली रिपोर्ट्स के मुताबिक नसरल्लाह के यहां होने की खुफिया जानकारी मिली थी।



हिजबुल्लाह नसरल्लाह के मारे जाने की खबरों को नकारता रहा। इजरायल को भी इसकी पुष्टि करने में कई घंटे लग गए। नसरल्लाह को अपने शिया मुस्लिम समर्थकों के बीच एक पूजनीय दर्जा मिला हुआ है। लेबनान की सेना से की तुलना में वह काफी बड़े और आधुनिक हथियारों से लैस हिजबुल्लाह का प्रतिनिधित्व करते थे। इसके अलावा उनका प्रभुत्व लेबनान के टॉप संस्थानों पर रहा। साल 2006 में इजरायल के साथ नसरल्लाह ने युद्ध लड़ा था। तब से लेकर अब तक उन्हें सार्वजनिक रूप से बहुत कम देखा गया।

बंकर में रहते हैं नसरल्लाह?

साल 2011 में नसरल्लाह ने बेरूत के दक्षिणी इलाके में एक धार्मिक जुलूस को संबोधित किया था। इस जुलूस को हिजबुल्लाह चीफ ने एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया था। साल 2014 में नसरल्लाह ने एक इंटरव्यू दिया था। इसमें उसने कहा था, 'इजरायली इस बात को आगे बढ़ा रहे हैं कि मैं लोगों से बहुत दूर रहता हूं। मैं उनसे संवाद नहीं करता।' यह पूछे जाने पर कि क्या वह किसी बंकर में रहते हैं? इस पर हिजबुल्लाह चीफ ने कहा कि उनके सोने की जगह बदलती रहती है। लेकिन बंकर में रहने की बात से इनकार किया।

बेहद कड़ी है सुरक्षा

उन्होंने कहा था, 'सुरक्षा के लिए जरूरी है कि आवाजाही को सीक्रेट रखा जाए। लेकिन यह मुझे घूमने-फिरने और यह देखने से नहीं रोक सकता कि क्या हो रहा है।' नसरल्लाह की कभी-कभी मिडिल ईस्ट के अन्य सैन्य समूहों के नेताओं के साथ फोटो आती रही हैं। बहुत कम लोगों को पता है कि वह कहां रहते हैं।

हाल के वर्षों में नसरल्लाह से मिलने वाले अधिकारियों और पत्रकारों ने बताया कि उन्हें सख्त सुरक्षा से होकर गुजरना पड़ा है। अभी तक उनके बयान सीक्रेट लोकेशन से रेकॉर्ड करके ब्रॉडकास्ट किए जाते रहे हैं।

हसन नसरल्लाह भाषण देने के मामले में एक्सपर्ट रहे हैं। 64 साल के नसरल्लाह अपने भाषण के जरिए मजाक से लेकर दुश्मनों को नीचा तक दिखाते थे।

## हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर को निशाना बनाने के बाद इजरायल ने फिर किया बेरुत पर बड़ा हमला

**बेरूत/यरूशलम। इजरायल** ने हिजबुल्लाह के मुख्यालय को निशाना बनाने के बाद शनिवार तड़के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहिह में फिर से हमले शुरू किए। इजरायली सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट सिविलियन बिल्डिंग्स के नीचे रखा हिजबुल्लाह के हथियारों का



जखीरा था।

बेरूत में चश्मदीदों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमान शहर के दक्षिणी उपनगर के ऊपर उड़ान भर रहे थे और उन्होने दहीह में एक घंटे के भीतर कई बार बमबारी की।

हमलों से पहले, इजरायली सैन्य प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा था कि हिजबुल्लाह के जिन हथियारों को निशाना बनाया गया उनमें 'ईरान से आने वाली तट से समुद्र तक मार करने वाली मिसाइलें शामिल थीं।'

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनान के एमटीवी टीवी चैनल के हवाले से बताया कि ये एयर स्ट्राइक दहीह में हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर पर हुए अटैक के बाद हुई।

हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर पर हुए हमले में कम से कम छह लोग मारे गए और 91 अन्य घायल हो गए। इजरायली मीडिया के मुताबिक संभवतः इस हमले का टारगेट हिजबुल्लाह लीडर हसन नसरल्लाह था, हालांकि उसकी लोकेशन अभी भी स्पष्ट नहीं है।

हगरी ने बताया कि एयर स्ट्राइक हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर की गई जो आवासीय भवनों के नीचे स्थित था। यह हमला इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए भाषण के बाद हुआ।

नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि पीएम ने शुक्रवार को अपने होटल से एयर स्ट्राइक को मंजूरी दी और तय समय से पहले ही इजरायल लौटने का फैसला किया।

संयुक्त राष्ट्र में, नेतन्याहू ने लेबनान के साथ बढ़ते संघर्ष में तत्काल युद्धविराम की संभावना को खारिज कर दिया।

उन्होंने ईरान की ओर से खतरों का जिक्र करते हुए कहा, "हम तेहरान या उसके प्रॉक्सी से खतरों के सामने पीछे नहीं हटेंगे।

### इजरायल के लिए रक्षा कवच है यह मुस्लिम देश, मुस्लिम ब्रदरहुड से लेकर कट्टर ईरान तक मानते हैं इस्लाम का दुश्मन

**तेल अवीवः इजरायल** इस समय चौतरफा संघर्ष में उलझा हुआ है। गाजा में वह हमास से जंग लड़ रहा है तो लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ भी संघर्ष तेज हो गया है। सीरिया और इराक में मौजूद ईरान समर्थित मिलिशिया उस हमले कर रहे हैं तो यमन के हूती चरमपंथी भी उस पर मिसाइल दाग रहे हैं। लेकिन इस चौतरफा दबाव के बीच इजरायल का पड़ोसी मुस्लिम देश जॉर्डन उसके लिए रक्षा कवच बना हुआ है।

इसी साल अप्रैल में ईरानी मिसाइल हमले के दौरान जॉर्डन इकलौता मुस्लिम देश था, जिसने खुलकर अपनी एयरफोर्स को इजरायल की मदद के लिए भेजने की बात स्वीकार की थी। इसने इजरायल के लिए ईरान से भी दुश्मनी मोल ली थी।

हालांकि, यह रक्षा कवच अब कमजोर पड़ रहा है, क्योंकि यहां अंदर एक बारूद सुलग रही है। जॉर्डन इजरायल का वो पड़ोसी है, जिसके साथ यहूदी देश सबसे लंबी सीमा साझा करता है। इजरायल के खिलाफ आने वाले खतरों के लिए जॉर्डन ढाल बनकर खड़ा होता रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## यूएन में भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी, शहबाज शरीफ के भाषण को बताया 'हास्यास्पद'

**संयुक्त राष्ट्र। भारत** ने यूएन में पाकिस्तान को जमकर फटकार लगाई है। दरअसल पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि नई दिल्ली को अनुच्छेद 370 को खत्म करने के फैसले को पलटना चाहिए। भारत ने इसका करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के बायन को एक 'हास्यास्पद' बताया।

भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने यूएनजीए में बोलते हुए कहा, 'आज सुबह इस सभा ने दुर्भाग्य से एक हास्यास्पद घटना देखी, आतंकवाद, ड्रग्स के व्यापार, अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए वैश्विक रूप से बदनाम और सेना द्वारा संचालित एक देश ने




दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया।'

भारतीय राजनयिक ने कहा, "जैसा कि दुनिया जानती है, पाकिस्तान ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, इसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थयात्रा मार्गों पर हमला किया। यह लिस्ट बहुत लंबी है, ऐसे देश के लिए कहीं भी हिंसा के बारे में बात करना पाखंड है।'

मंगलनंदन ने आगे कहा, "यह और भी असाधारण है कि एक देश जिसका इतिहास धांधली वाले चुनावों का रहा है, वह लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करता है, सच्चाई यह है कि पाकिस्तान हमारे क्षेत्र को लालच भरी निगाह से देखता है। उसने जम्मू और कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है, जो भारत का एक अविभाज्य और अभिन्न अंग है।"

भारतीय राजनयिक ने कहा, "एक राष्ट्र जिसने 1960-71 में नरसंहार किया ।